हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 16 जनवरी 2024

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया



जिला अस्पताल में इलाज के लिए पर्ची कटवाने लंबी कतार लग रही है।



## 3 लाख कार सेवकों की भीड़ में दबकर सभी साथी बिछड़ गए ढांचा गिरा और आंखों के सामने मलबे में दब गया साथी

### शहर के युवकों ने अयोध्या में अस्थाई मंदिर बनाने सिर पर तसले से ढोया था गारा और ईंट

मोहन सिंह ⏭ बिलासपुर

आज जब अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है, तो 6 दिसंबर 1992 की याद ताजा हो गई है, जब लाखों की संख्या में कार सेवक वहां पहुंचे थे। इन कार सेवकों में शहर के युवक भी शामिल थे, जिन्होंने भक्ति कि शक्ति में डूबकर बेधड़क कारसेवा की और सकुशल घर लौट आए।

ईदगाह चौक निवासी बरुण गूहा इन्हीं कारसेवकों में से एक हैं। 31 साल पुरानी घटना याद करते हुए श्री गूहा बताते हैं कि मंदिर आंदोलन के उस दौर में वे भाजपा और विहिप से जुड़े हुए थे। जब कार सेवा के लिए पूरे देश से कार सेवक अयोध्या जाने लगे, तो वे भी पूर्व महापौर स्व. अशोक पिंगले और अन्य साथियों के साथ अयोध्या गए। बिलासपुर स्टेशन से वे बनारस और वहां से अयोध्या के लिए रवाना हुए। उनके साथ गोड़पारा के निर्मल सरकार, नंदू सोनी, जानकी देवी सहित 65 से 70 साथी थे। वहां पहुंचने पर कार सेवकों का सैलाब उमड़ता नजर आया। 3 लाख से अधिक कार सेवकों की भीड़ में वे अपने साथियों से बिछड़ गए। जब आंदोलन शुरू हुआ तो वे भीड़ में दब गए और धक्का खाते विवादित ढांचे तक पहुंच गए। अचानक वहां भगदड़ मच गई, कुचलने के डर से वे ढांचे में चढ़ गए, उनके साथ मप्र के राजेंद्र जैन और उनका साथी भी था। विवादित ढांचे के आसपास आंदोलन चल ही रहा था कि छत का एक हिस्सा ढहने लगा, उन्होंने राजेंद्र का हाथ पकड़कर खींचने की कोशिश की, लेकिन वह वहां से हट नहीं पाया और ढांचा उसके ऊपर गिर गया। साथी को मौत के मुंह में जाते देख उनके होश उड़ गए, वे बदहवास की तरह उसके ऊपर से मलबा हटाने का प्रयास करने लगे। 60 वर्षीय श्री गूहा बताते हैं कि उस समय वहां भगदड़ सी मची थी, कोई किसी की नहीं सुन रहा था, कार सेवकों के सिर पर जुनून सा सवार था, वे मरने से भी नहीं डर रहे थे।



बरुण गूहा

### लोहे का उपयोग नहीं 5-6 चल रही थीं बल्लियां

श्री गूहा ने बताया कि विवादित ढांचे पर पहले से ट्रेंड शिव सैनिक थे, जो लोहे का उपयोग नहीं कर रहे थे, वे बल्लियां ही चला रहे थे। कुछ दूर में तत्कालीन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल कृष्ण आडवानी और भाजपा नेत्री उमा भारती भी थीं। वो जोर जोर से नारे लगा रहे थे। उनके साथी नंदू सोनी कैमरा लेकर गए थे, लेकिन सेना के जवानों ने उनका कैमरा छीन लिया।

### अस्थाई मंदिर बनाने में किया सहयोग

बरूण गूहा ने बताया कि 5 घंटे तक वहां भागमभाग मची रही, अयोध्या के चारो ओर कार सेवक ही नजर आ रहे थे। देखते ही देखते लोग गारा और ईंट से अस्थाई मंदिर का निर्माण करने लगे। कुछ लोगों से पूछा तो उनके अयोध्या के अधिकारी होने की जानकारी मिली, उनके साथ वे भी ईट-सीमेंट का गारा ढोने लगे। सुबह 7 बजे से पहले उनके साथ मिलकर अस्थाई मंदिर का निर्माण कर रामलला को वहां विराजित करने में सहयोग किया। श्री गूहा ने बताया कि जब बाबरी का ढांचा टूटा और सुबह अस्थाई मंदिर का निर्माण पूरा हुआ, तब सभी लोग वहां से निशानी के लिए मलबा ले जाने लगे, वे भी एक ईंट लेकर आए थे, जिसमें स्वास्तिक बना था। वह ईंट उन्होंने श्रद्धालुजन को दे दिया था।

## खबर संक्षेप

### व्यंकटेश मंदिर में प्रतिष्ठा महोत्सव आज से

**बिलासपुर।** सदर बाजार स्थित श्री व्यंकटेश मंदिर में 16 से 22 जनवरी तक श्री राम मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के पहले दिन से प्रतिदिन सुबह पौने छह बजे से 7 बजे तक प्रभात फेरी निकाली जाएगी। भगवान की मंगल आरती के बाद प्रसाद वितरण होगा। शाम को 6 बजे से सवा 7 बजे तक भजन कीर्तन होगा। 22 जनवरी को प्रातः साढ़े 7 बजे से भव्य श्री राम गौरव यात्रा निकाली जाएगी। सुबह साढ़े 9 बजे से 10 बजे तक स्वल्पाहार होगा। 10 बजे से मंदिर में भजन कीर्तन, मध्यान्ह 12 बजे भगवान की महाआरती कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। दोपहर 1 बजे से कार सेवकों का भगवान की ओर से बहुमान, संध्या 5 बजे से हलुवा-पुड़ी का प्रसाद वितरण होगा।

### मतदाता सूची में 22 तक जोड़-हटा सकते हैं नाम

**बिलासपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता सूची के कार्यों का फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य अधिसूचना जारी किया है। इसके अंतर्गत 6 जनवरी से मतदाता सूची प्रारूप का प्रारंभिक प्रकाशन किया जा रहा है। लिस्ट में जिन मतदाताओं का नाम विलोपित है या सुधार या नाम जुड़वाना है, वो 22 जनवरी तक यह काम करवा सकते हैं। नये मतदाता जिनकी उम्र 1 जनवरी को 18 वर्ष पूर्ण कर रहे हैं, वो भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं।

### सीटेट : एग्जाम सिटी स्लिप जारी, परीक्षा 21 को

**बिलासपुर।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) 21 जनवरी को होगी। बोर्ड ने इसके लिए एग्जाम सिटी स्लिप जारी कर दी है। जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है, वे ctet.nic.in से सिटी स्लिप डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 9.30 से दोपहर 12 और दूसरी पाली 2.30 से शाम 5 बजे तक होगी। प्रवेश पत्र बाद में जारी किए जाएंगे। सीटेट हिंदी, इंग्लिश समेत 20 अलग-अलग भाषाओं में होगी। प्रदेश के रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग में सेंटर्स बनाए जाएंगे।

### उत्कर्ष योजना के लिए प्रवेश परीक्षा 7 मार्च को

**बिलासपुर।** विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के तहत कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए 7 मार्च को एंट्रेंस एग्जाम आयोजित किए जाएंगे। जवाहर आदिम जाति और अनुसूचित जाति आदिवासी विकास विभाग कि ओर से यह परीक्षा होगी। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने विद्यार्थी का छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना जरूरी है। राज्य से मान्य अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति वर्ग का होना एवं विद्यार्थी के पास सक्षम प्राधिकारी की ओर से जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र होना जरूरी है। साथ ही विद्यार्थी छत्तीसगढ़ में संचालित किसी मान्यता प्राप्त शाला में कक्षा 5वीं में नियमित अध्ययनरत हो तथा कक्षा चौथी की परीक्षा में 80% से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया हो।

## 2 घण्टे ट्रक चालकों ने मचाया हंगामा, वाहनों की लगी रही लंबी कतार

# प्रधान आरक्षक ने एंट्री वसूली कर गाली दी, ड्राइवर ने रायपुर रोड पर कंटेनर खड़ा कर चक्काजाम कर दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रायपुर रोड में ट्रैफिक थाने के प्रधान आरक्षक के द्वारा एंट्री वसूली कर गाली गलौज करने पर कंटेनर के ड्राइवर ने बीच सड़क पर गाड़ी खड़े कर चक्काजाम कर दिया। उसके बाद अन्य ड्राइवर व सब्जी मंडी के व्यापारियों ने एंट्री वसूली को लेकर 2 घण्टे जमकर हंगामा मचाया। इस दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगी हुई थी। डीएसपी की समझाइश के बाद हंगामा शांत हुआ।

15 जनवरी को ट्रैफिक थाने में पदस्थ टीआई लक्ष्मी चौहान, प्रधान आरक्षक ओंकार सिद्धू, आरक्षक जवाहर चौहान की वीआईपी का फालोगार्ड व रायपुर रोड में पेट्रोलिंग ड्यूटी लगी थी। वीआईपी को छोड़ने के बाद रायपुर रोड में सड़क किनारे गाड़ी अड़ाकर बाहर से आने वाले वाहनों को रोककर एंट्री वसूली करने में लग गए थे। सुबह 11.30 बजे प्रधान आरक्षक ओंमकार सिद्धू ने रायपुर की ओर से आ रहे कंटेनर क्रमांक एमएच 40, सीएम, 2055 को रोककर ड्राइवर नागपुर निवासी मिथुन कुमार राय को रोक लिया। नो एंट्री के नाम पर उससे 400 रुपए ले लिया। कुछ दूर जाने के बाद प्रधान आरक्षक ने फिर से उसे रोककर 300 रुपए ले लिया। उसके बाद वह पीछा करते तिफरा सब्जी मंडी के पास आया और फिर गाड़ी को रोककर पैसे की मांग करते हुए गाली देने लगा। आक्रोशित ड्राइवर ने मुख्य मार्ग में गाड़ी खड़ाकर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान अन्य गाड़ियों के ड्राइवर व तिफरा सब्जी मंडी के व्यापारी मौके पर पहुंच गए और ट्रैफिक पुलिस के एंट्री वसूली को लेकर जमकर हंगामा मचाना शुरू कर दिया। बीच सड़क में कंटेनर खड़े होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही ट्रैफिक डीएसपी संजय साहू मौके पर पहुंचकर ड्राइवरों व व्यापारियों को समझाइश दी। उसके बाद हंगामा शांत हुआ और कंटेनर को हटवाकर आवागमन सामान्य कराया गया है। उसके बाद जाम में फंसे लोगों ने राहत की सांस ली है।

### महाराणा प्रताप चौक में भी वसूली

महाराणा प्रताप चौक में ट्रैफिक पुलिस के द्वारा व्यापार विहार जाने वाले भारी वाहनों को रोककर ड्राइवरों से एंट्री वसूली की जाती है। यहां चुनिंदा वसूली करने वाले पुलिसकर्मियों की प्रतिदिन ड्यूटी लगाई जाती है।



कार्रवाई के खिलाफ चक्काजाम करते लोग।

### 12 साल से ट्रैफिक थाने में है आरक्षक

प्रधान आरक्षक ओंमकार सिद्धू को ट्रैफिक थाने में 10 से 12 साल हो गए हैं। पूर्व में उनका तारबाहर थाना तबादला हुआ था। महज 5 से 6 माह में तबादला कराकर ट्रैफिक थाने में वे लौट गए। इसी तरह ट्रैफिक थाने में कई पुलिसकर्मी हैं, जो लंबे अरसे से जमे हुए हैं।



ड्राइवर व सब्जी मंडी के व्यापारियों ने एंट्री वसूली को लेकर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान दो घंटे तक सड़क जाम रही।

### सुबह 11 से 4 बजे खुल जाती है सड़क

प्रतिदिन बाहर से आवश्यक वस्तु लेकर आने वाले भारी वाहनों के व्यापार विहार, तिफरा सब्जी मंडी आने के लिए नो एंट्री खोल दिया जाता है, किन्तु ट्रैफिक के जवान नो एंट्री के नाम पर भारी वाहनों के ड्राइवरों से वसूली करने में लगे रहते हैं।

### बिना पर्ची के पैसा लेकर दी गाली

ट्रक ड्राइवर नागपुर निवासी मिथुन कुमार राय ने आरोप लगाया है नो एंट्री के नाम पर प्रधान आरक्षक सिद्धू सरदार ने 700 रुपए लिया और पर्ची नहीं दी। तीसरी बार गाड़ी रोककर पैसा मांगते हुए गाली दी। मैं हमेशा बिलासपुर आता हूं। प्रधान आरक्षक के द्वारा हमेशा बिना पर्ची के एंट्री वसूली की जाती है।

### नों एंट्री पर कार्रवाई की गई

नों एंट्री में घुसने पर ड्राइवर के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है। उससे नाराज होकर उसने सड़क पर ट्रक खड़े कर दिया था। समझाइश देकर उसे गाड़ी सहित रवाना कर आवागमन सामान्य करा दिया गया था।

- **संजय साहू** ट्रैफिक डीएसपी

## निगम के पंप हाउस में खड़ी रहीं गाड़ियां, चालकों व आपरेट्र्स ने की हड़ताल





नगर निगम के वाहन चालकों समेत जेसीबी आपरेटरों ने हड़ताल कर दी है। इस हड़ताल के चलते नगर निगम के सारे वाहन सोमवार को पंप हाउस में ही खड़े रहे। निगम के सारे जेसीबी, डम्पर, ट्रैक्टर, मडपंप वाहन समेत निर्माण कार्य से लेकर साफ-सफाई वाले वाहन पंप हाउस से बाहर नहीं निकले। निगम के इन कर्मचारियों ने एक आपरेटर को काम से हटाए जाने के विरोध में यह हड़ताल की और पंप हाउस में इसे लेकर विरोध प्रदर्शन भी किया। चालकों, आपरेटरों के हड़ताल पर चले जाने से आज निगम काफी कामकाज प्रभावित हुआ और केवल जल विभाग के वाहनों के चालक कार्य पर रहे। हड़ताली कर्मचारियों ने बताया कि जोन क्रमांक तीन के इंजीनियर द्वारा कहे गए निजी काम को करने से मना करने पर जेसीबी आपरेटर रामप्रसाद गेंदले जोन क्रमांक एक का जेसीबी आपरेटर को काम से बैठा दिया गया है। उक्त जेसीबी आपरेटर दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी है। इससे पूर्व भी कुछ अधिकारियों द्वारा मनमानी करते हुए कर्मचारियों को बिना किसी गलती के काम से बैठा दिया जाता रहा है। रामप्रसाद गेंदले के पहले भी दयाराम साहू, प्रदीप जोशी, संतोष चौहान, रहिम खान, सुरेश सोनी, मंतराम साहू के साथ इस तरह की घटना घट चुकी है।

- ठेकेदार का काम नहीं करने पर जेसीबी आपरेटर को हटाया

### निजी काम कराने बनाते हैं दबाव

निगम के उच्चाधिकारियों द्वारा प्राइवेट काम करने के लिए दबाव बनाया जाता है। काम नहीं करने पर काम से हटा देना, गाड़ी से उतार देना आम बात हो गई है। प्राइवेट काम नहीं करने पर रामप्रसाद नामक एक आपरेटर को काम से हटा दिया गया है जिसके विरोध में हम लोगों ने हड़ताल की है।

- **चन्द्रकुमार कुशवाहा** अध्यक्ष स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ ननि

### दूसरी जगह भेज रहे थे

नगर निगम के वाहनों के चालक, आपरेटरों ने आज काम बंद रखा था उनकी अपनी कुछ समस्या है। जहां तक आपरेटर को हटाए जाने वाली बात है, तो उसे हटाया नहीं गया था, दूसरी जगह भेजा जा रहा था। इस संबंध में चर्चा के लिए चालकों, आपरेटरों को कल बुलवाया गया है।

- **गोपाल ठाकुर,** प्रभारी, वाहन शाखा ननि

## नवधा में जुटते हैं 4 जिलों के लोग



चांटीडीह रामायण चौक स्थित मंदिर जहां होता है कीर्तन-पाठ।

## 75 सालों से शहर में जगा रहे राम नाम की अलख

कोमल सिंह ⏭ बिलासपुर

शहर के बीचों बीच पिछले 75 सालों से 12 रामायण मंडलियां राम नाम की अलख जगा रही हैं, इन मंडलियों के द्वारा घर-घर जाकर रामायण का पाठ और कीर्तन किया जाता है। मंडलियों में शामिल कई सदस्य अपने पूर्वजों की तीसरी पीढ़ी के हैं। ऐसे में राम नाम के प्रताप से क्षेत्र में चांटीडीह स्थित रामायण चौक का नाम ही रौशन हो चुका है।

बिलासपुर में चांटीडीह क्षेत्र पिछड़े क्षेत्रों में गिना जाता है, जहां की ज्यादातर आबादी रोजी मजूरी कर जीवन यापन करती है, लेकिन इसी आबादी से 12 मंडलियां राम नाम की अलख जगाकर लोगों को भक्ति की शक्ति दिला रही हैं। मंडलियों के रामायण के पाठ करने की कला और गायन की विशेष योग्यता के चलते ही यहां एक चौक का नाम ही रामायण चौक रख दिया गया है। रामायण चौक निवासी नंदेश्वर प्रजापति ने बताया कि यहां रामायण मंडलियों द्वारा रामायण का गायन करते हुए 75 साल से अधिक बीत चुका है, नीम के पेड़ के नीचे पहले 2-4 लोग ही जुटते थे, लेकिन समय के साथ ही अब 12 रामायण मंडलियां बन चुकी हैं, प्रत्येक में 10 से 12 लोग होते हैं, साल में एक बार यहां 9 दिनों का नवधा रामायण किया जाता है और मंडलियां लोगों के घरों, उत्सवों व आयोजनों में रामायण का गायन करती हैं। इस मंडली में शामिल होने के लिए जांजगीर, भाठापारा, बलौदा बाजार, कोरबा, रतनपुर और सीपत से लोग पहुंचते हैं और 24 घंटे की रामायण गायन प्रतियोगिता भी कराई जाती है।



नंदेश्वर प्रजापति

- तीन पीढ़ी से कर रहे रामसेवा

### कोरोना काल में टूटी थी परंपरा

श्री प्रजापति ने बताया कि रामायण गायन की परपंरा 75 साल पुरानी है, इसकी शुरूआत उनके पिता श्री जाली राम प्रजापति और पूर्व जनसंघ नेता मदनलाल शुक्ला ने की थी। अब मंडली में कई ऐसे लोग भी हैं जो अपने बड़े बुजुर्गों से प्रेरणा लेकर रामायण का गायन करते हैं। उन्होंने बताया कि इन 75 सालों में महज साल 2021 में कोरोना की वजह से रामायण का पाठ नहीं कराया जा सका था, महामारी के दौरान लोगों को इसका खेद भी रहा, लेकिन स्थिति सामान्य होने के ठीक 4 माह बाद दोबारा परंपरा का निर्वाहन करते हुए रामायण गायन का पाठ कराया गया था।

### बन चुकी है पहचान

आसपास के लोगों ने बताया कि रामायण चौक का नाम ही नवधा रामायण का पाठ और भक्ति रस से सराबोर करने वाली परपंराओं के चलते ही पड़ा है। दूरदराज से आने वाले लोग भी अब परिसर में बने शेड के नीचे आराम करते हैं। साल भर यहां भजन और कीर्तन के आयोजन भी होते हैं। नवरात्र के दिनों में लोगों की आस्था का केन्द्र भी रहता है।

## 2023 के यूपीएससी में अभिषेक को मिली थी 278 वीं रैंक

# बिलासपुर के अभिषेक को मिला छत्तीसगढ़ कैडर

**बिलासपुर।** पूरे भारत वर्ष से 2023 बैच में चयनित हुए 200 आईपीएस की 15 जनवरी को एक लिस्ट जारी कर छत्तीसगढ़ में 5 आईपीएस की पदस्थापना की गई है। इसमें बिलासपुर के अभिषेक चतुर्वेदी को भी छत्तीसगढ़ कैडर मिला है। अभिषेक के पिता विनय चतुर्वेदी बिलासपुर रेलवे जोन आफिस में आफिसर हैं। गौरतलब है कि 2023 की यूपीएससी में अभिषेक को179 वां रैंक मिला था। अभिषेक ने बिलासपुर से अपनी 12 वीं की शिक्षा डीपीएस से 2014 में पूर्ण करके चेन्नई से बी टेक किया है। वे फिलहाल हैदराबाद में ट्रेनिंग कर रहे हैं। इससे पहले वे मसूरी में बेसिंग आईपीएस ट्रेनिंग कर चुके हैं। इसके बाद छग में जिला ट्रेनिंग भी करेंगे।

हैदराबाद से फोन पर हरिभूमि से बात करते हुए अभिषेक ने बताया कि उनकी प्राथमिक शिक्षा सेंट जेवियर स्कूल से हुई। फिर बाद में हाईस्कूल और हायरसेकेंडरी की पढ़ाई डीपीएस स्कूल से की, जिसके बाद उन्होंने एसआरएम यूनिवर्सिटी चेन्नई में इंजीनियरिंग में प्रवेश ले लिया। उन्होंने इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच से 2018 में इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन किया। इंजीनियरिंग में उन्हें एग्रीगेट 72 प्रतिशत अंक मिला। अभिषेक के पिता विनय कुमार चतुर्वेदी रेलवे में चीफ कंट्रोलर हैं। ऐसे में उन्हें बचपन से अपने पिता के साथ रेलवे के अधिकारियों से मिलने का मौका मिलता रहा। इस बीच इंजीनियरिंग करने के साथ ही पांच लाख रुपए के पैकेज में जाब का ऑफर मिल गया, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया और दिल्ली में रहकर यूपीएसकी की तैयारी की।



अभिषेक चतुर्वेदी

- प्रदेश को मिले 5 आईपीएस

### भौगोलिक स्थिति को समझने की जरूरत

अभिषेक चतुर्वेदी ने बताया कि छत्तीसगढ़ जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पदस्थापना के दौरान बेसिक स्तर पर काम करना होगा। खास तौरपर छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर नक्सल प्रभावित है, जहां की भौगोलिग स्थिति को समझने की जरूरत है। वहां शिक्षा का अभाव है और लोग समस्याग्रस्त रहते हैं। जंगल में उनकी सुरक्षा और सुविधाओं का कोई इंतजाम नहीं है। पहुंच से दूर होने के कारण प्रशासन और जनता के बीच समन्वय नहीं है। ऐसे में उनका भरोसा जितना जरूरी है। साथ ही क्षेत्र का विकास भी आवश्यक है। वहीं, आधुनिक उपकरणों का उपयोग कर इस समस्या को हल किया जा सकता है। अभिषेक के मुताबिक रोजाना सामान्य दिनों में 5 से 6 घंटे की पढ़ाई और परीक्षा के समय 10 से 11 घंटे की तैयारी पर्याप्त है। अभिषेक का कहना है कि कालेज पहुंचने से पहले ही अपना लक्ष्य तय कर लें और लगातार मेहनत की जाए, तो असफलता हाथ नहीं लगती।

### चौथी बार में मिली सफलता

अभिषेक को शुरुआत की तीन परीक्षाओं में लगातार अफसलता हाथ लगी। यहां तक प्रारंभिक परीक्षा में भी कामयाबी नहीं मिल पाई। साल 2020 में कोरोना कॉल में वे बिलासपुर आ गए और यहां रहकर एग्जाम की तैयारी करते रहे। घर पर उन्हें परिवार का पूरा सपोर्ट मिला। हर बार प्रिलिम्स से बाहर होने के बाद चुनौती का सामना किया। आखिरकार, चौथी बार में न सिर्फ प्रिलिम्स एग्जाम बल्कि मेंस और इंटरव्यू के बाद सीधे सिलेक्शन हो गया। अभिषेक के मुताबिक यूपीएससी के लिए दिल्ली जाना जरूरी नहीं है।

## नौकरी का झांसा देकर छात्रा को बंधक बनाया और किया अनाचार

**बिलासपुर।** नौकरी देने का झांसा देकर छात्रा को घर में बंधक बनाकर ज्योतिषी ने अनाचार किया। छात्रा की सूचना पर महिला आयोग की सदस्यों ने पुलिस के सहयोग से छात्रा को छुड़ाया है। पुलिस ने छात्रा की रिपोर्ट पर ज्योतिषी को गिरफ्तार कर लिया है।

सकरी पुलिस के अनुसार, जीपीएम जिला की रहने वाली एक युवती शहर में किराए के मकान में रहकर कालेज की पढ़ाई कर रही है। उसने पार्टटाइम नौकरी के लिए गूगल में अपना मोबाइल नम्बर अपलोड किया था। उक्त नम्बर के आधार पर रामालाइफ सिटी में किराए के मकान में रहने वाले योगेश उर्फ मंगेश पिता एनडब्लू वैद्य ने छात्रा को फोन कर पार्ट टाइम नौकरी देने का झांसा देकर 14 जनवरी को अपने घर बुलाया। छात्रा नौकरी के लिए उसके घर गई तो उसे बातचीत में फंसाकर एक कमरे में ले जाकर बाहर से दरवाजा बंद कर बंधक बना लिया। रात में योगेश उर्फ मंगेश ने कमरे में जाकर उसके साथ अनाचार किया। 15 जनवरी की सुबह भी छात्रा को उसने नहीं छोड़ा। इस पर छात्रा ने महिला आयोग के टोल फ्री नम्बर 1091 में फोन कर घटना की जानकारी दी। महिला आयोग की सदस्यों ने सकरी पुलिस का सहयोग लेकर ज्योतिषी के घर में दबिश देकर छात्रा को मुक्त कराया। पुलिस ने छात्रा की रिपोर्ट पर धारा 376, 376 -2, 342 के तहत ज्योतिषी योगेश उर्फ मंगेश को गिरफ्तार कर लिया है।

- आरोपी ज्योतिषी गिरफ्तार

## खबर संक्षेप

### आर्ट ऑफ़ लिविंग के प्रोग्राम से बच्चों में बढ़ती है सही निर्णय लेने की क्षमता



**बिलासपुर।** प्रज्ञा योग या इनट्यूशन प्रोग्राम आर्ट ऑफ़ लिविंग ऐसा प्रोग्राम है जिससे बच्चो में सही समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है। पढ़ाई में सहित अन्य सामाजिक गतिविधियों में, खेलकूद में भी उनका परफॉर्मेंस बहुत बेहतर होता है। कुछ बच्चे 2 दिन के कार्यक्रम के बाद ही आंख बंद कर पढ़ने और रंग को पहचानने लग जाते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हमारी चेतना में छुपी हुई छठी इंद्रिय की शक्ति को जानना और उसे जागृत करना है ताकि बच्चों के जीवन में आने वाली हर तकलीफ, हर परेशानी और हर चुनौती में अंतर-प्रज्ञा के द्वारा दिशा निर्देश मिलता रहे व बच्चा सही निर्णय लेकर सही रास्ते पर चले और परिवार के लिए समाज के लिए देश के लिए उपयोगी साबित हो।

### अक्षत कलश यात्रा निकाल लोगों को राम लला के दर्शन करने दिया निमंत्रण



**बिलासपुर।** अयोध्या में भगवान राम लला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है। इस ऐतिहासिक अवसर पर पूरे देश भर में अक्षत कलश यात्रा का आयोजन कर भक्त सहभागिता दिखा रहे हैं। इसी कड़ी में वार्ड 43 बूटापारा देवरीखुर्द में संतोषी भोई और गौरी यादव के साथ वार्ड की महिलाओं ने जय श्रीराम का घोष करते हुए पूरे बूटापारा में कलश यात्रा का भ्रमण कर अक्षत के साथ राम लला के दर्शन करने निमंत्रण पत्र दिया। जिनमें दुर्पति, अनिता प्रजापति, कलेश्वरी भोई, श्यामा साहू, पुनिता, राजकुमारी, सावनी, सावित्री, गायत्री, सरोज, कस्तूरी, कुंती, लक्ष्मी, सुखमत, ज्योति ने हर्षोल्लास के यात्रा में सहयोग दिया।

### नव वर्ष मिलन समारोह में बुजुर्गों का सम्मान, गीत-संगीत की दी प्रस्तुति



**बिलासपुर।** गुरु विहार कॉलोनी परिसर में नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के बाद बुजुर्गों का सम्मान किया गया। इसमें एनएन गायन, झूमा गायन, रामकुमार श्रीवास, 90 वर्ष से ऊपर की माताएं मीरा दास गुप्ता, ललिता श्रीवास, नए सदस्य कन्हैया दास वैष्णव, हरिशंकर साहू, नव विवाहित दंपती नीरज एंजेल बघेल, मेदनी श्रद्धा वैष्णव, सुहावी कुपटकर जो कि दसवीं बोर्ड की परीक्षा में 98% अंक लेकर उत्तीर्ण हुई है, पार्षद एवं चेयरमेन राजेश शुक्ला, कॉलोनी परिवार के सदस्य डॉ रमनेश मूर्ति, डीन अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज सहित अन्य लोग शामिल रहे। कॉलोनी विकास समिति के अध्यक्ष बीएल पंड्या, सचिव एसके कंवर, कोषाध्यक्ष आरएस देवांगन का सहयोग रहा। फैंसी ड्रेस में अंश, नवी, अभ्यांश, ईशान, कार्तिक, नैतिक और मान्या ने भाग लिया।

### स्वास्थ्य शिविर में 114 लोगों की जांच के बाद दी गई निशुल्क दवा



बिलासपुर। सिरगिट्टी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन व संजीवनी हॉस्पिटल की ओर से 14 जनवरी को एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में 114 लोगों की जांच कर निशुल्क दवाई दी गई। शिविर के संयोजक डॉ. मनीष साहू ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना है। शिविर में मेडिसिन, पीडियाट्रिक्स, ऑर्थोपेडिक्स, डेंटिस्ट व फिजियोथेरेपिस्ट ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में ज्यादातर बीपी, सर्दी-बुखार के मरीज आए। इस अवसर पर सिम्स के छात्र उदित पटेल, हिमांशु केशरवानी, शिवम बघेल, संकल्प सिंह राजपूत, विशाल सोनी, अमितेष गुप्ता, उत्कर्ष गुप्ता, अनमोल गुप्ता, कोमल प्रताप पटेल सहित अन्य भी योगदान दिया। डॉ. मनीष साहू ने बताया कि शिविर में 17 लोगों की टीम मौजूद रही। छत्तीसगढ़ में सिकलसेल के मामले अधिक होने के कारण शिविर में इसकी जांच भी की गई। सिकलसेल की जांच 5 लोगों में इसके लक्षण मिले। इन मरीजों को जरूरी सलाह दी गई।

## निधन

### विमला देवी बलभद्रे



बिलासपुर। गोंडपारा आदर्श चौक निवासी श्रीमती विमला देवी बलभद्रे का 15 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 16 जनवरी मंगलवार को दोपहर 2 बजे उनके निवास स्थान से पंडित देवकीनंदन दीक्षित मुक्ति धाम के लिए निकलेगी। वे किशोर कुमार, प्रदीप बलभद्रे की मां व सौरभ, शुभम, सारांश व शौर्य बलभद्रे की दादी थीं।

### शिवराम कैवर्त्य



**बिलासपुर।** सरकंडा बंगाली पारा निवासी शिवराम कैवर्त्य (से.नि. स्वास्थ्य विभाग) का 15 जनवरी को निधन हो गया। वे 66 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकण्डा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे नंदलाल (नंदू), सुनीता व सुनील कैवर्त्य के पिता थे।

### श्याम सुंदर साहू



**बिलासपुर।** बहतराई सरकण्डा निवासी श्याम सुंदर साहू का 15 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 जनवरी को सुबह 11 बजे गृह ग्राम में किया जाएगा। वे शारदा, यशोदा, महावीर, योगेश के पिता थे।

# मकर संक्रांति पर मंदिरों में हुआ विशेष पूजन, अभिषेक

**तिल, लाई के लड्डू का किया गया दान**

**युवाओं- बच्चों ने लिया पतंग उड़ाने का आनंद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में संक्रांति पर्व धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने सुबह से मंदिर जाकर पूजा अर्चना की। तिल, लाई के लड्डू का दान किया। मंदिरों में विशेष पूजा पाठ हुआ। युवाओं ने पतंग उड़ाकर आनंद लिया। सिटी कोतवाली स्थित श्री श्याम मंदिर में भगवान श्याम का विविध रंगों की पतंग से श्रृंगार किया गया। मकर संक्रांति को लेकर इस बार फिर असमंजस की स्थिति रही। आम तौर पर 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व मनाया जाता है परंतु इस वर्ष ग्रहों की चाल के कारण 15 जनवरी को मनाया गया। भगवान सूर्य के धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करने को संक्रांति कहा जाता है। इस वर्ष 14 जनवरी को रात्रि 2.44 बजे भगवान सूर्य धनु से मकर संक्रांति में प्रवेश किया, इसलिए यह त्यौहार उदया तिथि में सोमवार को मनाया गया। प्राचीन श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर सदर बाजार में मकर संक्रांति पर भगवान को खिचड़ी का महाप्रसाद अर्पित किया गया। भक्तों के बीच खिचड़ी का वितरण प्रसाद के रूप में किया गया। जरहाभाठा स्थित दुर्गा मंदिर को बिजली झालरों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है।



मकर संक्रांति पर श्याम मंदिर में भगवान का पतंग से किया गया श्रृंगार।



### हुआ अभिषेक व गणपति होम

भारतीय नगर स्थित श्री अयप्पा मंदिर में सुबह गणपति होम व अभिषेक किया गया। शाम को दीप प्रज्जवलन के साथ भागवत कथा का परायण हुआ। फूलों की रंगोली सजाई गई। केले के पत्ते एवं फूलों से मंदिर परिसर को सजाया गया है।

### चला स्नान दान का क्रम

मकर संक्रांति पर लोग अरपा, छठ घाट, जोरा तालाब में डूबकी लगाई एवं तिल लड्डू, चावल का दान किए। पर्व के चलते बाजार में दिन भर हलचल रही। लोग तिल, लाई, मुर्रा की खरीददारी करते रहे। सेम की सब्जी व खिचड़ी खाए। इस पर्व के साथ ही खर मास का भी समापन हो गया।

### मंदिरों में रही भीड़

शहर के सीताराम मंदिर, राजाराम मंदिर गोंड़पारा, श्री व्यंकटेश, लक्ष्मीनारायण मंदिर, पुराना बस स्टेण्ड स्थित हनुमान मंदिर सहित अन्य सभी मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ रही। मंदिर जाने वाले सभी लोग भगवान को न नारियल के साथ ही तिल लड्डू चढा कर सुख समृद्धि की कामना की। रेलवे स्थित राम मंदिर में पुजारी नारायण स्वामी के सानिध्य में भी विशेष अभिषेक, पूजा की गई। प्रसाद बांटे गए।

### स्टेशन में भोजन का वितरण

तिल संक्रांति पर्व पर स्टेशन आने जाने वाले यात्रियों को भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। सामाजिक संस्था हंगर फ्री बिलासपुर के संस्थापक सतराम जेठमलानी ने सनातनी सभ्यता संस्कृति के पर्व विशेष की चर्चा करते हुए कहा कि मकर संक्रांति के अपने अलग मायने है। इसी मौसम में तिल, गुड़, ज्वार चना फसल आता है। बड़े बुजुर्गों ने प्रकृति को धन्यवाद देने के लिए उससे प्राप्त फसल तिल, ज्वार को समाज के जरूरत मंद परिवार में वितरण करने के लिए उत्तरायण होते सूर्य का अति उत्तम दिवस चुना है।

## वनवासी विकास समिति के अन्न संग्रह में लोगों ने सहर्ष किया दान




वनवासी विकास समिति बिलासपुर इकाई द्वारा मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा 1952 से चलाए जा रहे जनजातीय समाज की शिक्षा, संस्कृति, स्वास्थ्य के विविध सेवा कार्यों के लिए अन्न संग्रह, दान संग्रह अभियान के लिए नगर के विविध स्थानों पर स्टॉल लगाए गए। वनवासी विकास समिति के कार्यकर्ताओं ने नगर के विविध भागों, कॉलोनी और बहुमंजिला भवनों में निवास करने वाले लोगों से 10 दिनों तक संपर्क किया और परिणाम स्वरूप नागरिकों ने विभिन्न स्टॉल पर पहुंच कर यथा संभव अन्न और निधि का दान कर अभियान को सफल बनाया।

## उत्तरायण हमारे जीवन का नया अध्याय: ललित



मकर सक्रांति/उत्तरायण के अवसर पर घर-घर पूजन संस्कार हुए। इस अवसर पर बैंकर्स क्लब बिलासपुर के समन्वयक ललित अग्रवाल के आवास पर पारम्परिक रीतिरिवाजों का निर्वहन किया गया। कार्यक्रम में राजनांदगांव से दीपक अग्रवाल, श्रीमती नीता अग्रवाल रायपुर से दीपेश गुप्ता, श्रीमती पायल गुप्ता, दीपांश गुप्ता, विकास गोयल, श्रीमती अंजना गोयल, परी गोयल, पीयू गोयल, श्रीमती निशा अग्रवाल, निलेश अग्रवाल, श्रीमती मोनिका अग्रवाल, रुद्रांश गर्ग, कृष्ण गर्ग, मयंक अग्रवाल व हनी गोयल सहित सभी परिजनों ने हर्षोउल्लास के साथ पारंपरिक तिल गुड़ सेवन के साथ नेगचारो को पूर्ण किया।

सीयू का 16वां स्थापना दिवस उमंग, उत्साह और उल्लास के साथ मना

# आचरण ऐसा करें जिससे लोग प्रेरणा लें: प्रो. चक्रवाल

बिलासपुर। गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय में सोमवार 15 जनवरी को 16वां स्थापना दिवस एवं 15वीं वर्षगांठ समारोह आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के रजत जयंती सभागार में सुबह 10 बजे आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरपी दुबे रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सौराष्ट्र विश्वविद्यालय, राजकोट गुजरात के कुलपति प्रो. नीलांबरी दवे रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने की।

केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में उन्नयन के 16वें स्थापना दिवस समारोह एवं मकर संक्रांति पर्व की कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने सभागार में उपस्थित सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमारे विश्वविद्यालय के नाम के आगे 'गुरु' शुब्द जुड़ा हुआ है जो इस उच्च शिक्षा के केन्द्र को मंदिर के रूप में स्थापित करता है। कुलपति प्रो. चक्रवाल ने कहा कि शिक्षक के रूप में हमारा आचरण ऐसा होना चाहिए, जिससे युवा विद्यार्थियों के साथ ही समाज के लोग भी उससे प्रेरणा लें। विश्वविद्यालय में नवीन ज्ञान का अर्जन कर पुराने ज्ञान का परिमार्जन किया जाता है साथ ही संपूर्ण ज्ञान का संकलन इस केन्द्र में होता है।




### विवि में सकारात्मक बदलाव आ रहे: दवे

विशिष्ट अतिथि प्रो. नीलांबरी दवे ने मकर संक्रांति और स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं। जिस प्रकार उत्तरायण में सूर्य के प्रकाश में निरंतर वृद्धि होती है उसी प्रकार विश्वविद्यालय की प्रगति हो रही है। उन्होंने कहा कि हम अमृतकाल में विकासशील से विकसित राष्ट्र की कतार में नजर आएंगे। उन्होंने युवाओं से आव्हान किया कि वे राष्ट्र निर्माण में अपने सृजनात्मक सुझाव दें एवं इसके लिए प्रयास करें। इससे पूर्व रजत जयंती सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर मां सरस्वती एवं बाबा गुरू घासीदास जी की प्रतिमा पर पुष्पअर्पित किये। इस दौरान तरंग बैंड ने सरस्वती वंदना व कुलगीत की मोहक प्रस्तुति दी। इसके बाद नन्हें पौधे से मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन कार्यक्रम के समन्वयक प्रभारी अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. मुकेश कुमार सिंह ने दिया। मंचस्थ अतिथियों द्वारा अन्वेशन के विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर अतिथियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गरिमा तिवारी, सहायक प्राध्यापक वानिकी, वन्य जीव एवं पर्यावरण विभाग एवं धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. मनीष श्रीवास्तव ने किया।

### नए प्रतिमान स्थापित विवि : दुबे

मुख्य अतिथि प्रो. आरपी दुबे ने कहा कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल के नेतृत्व में पिछले ढाई वर्षों में प्रगति के नवीन मानक स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय विवि के रूप में उन्नयन के के बाद कुलपति प्रो. चक्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में हुए सकारात्मक बदलावों को मैंने करीब से देखा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में विश्वविद्यालय विकास के नए प्रतिमान स्थापित करेगा।

# प्रकाश पर्व पर निकला नगर कीर्तन, चौक-चौराहों पर पुष्प वर्षा कर किया भव्य स्वागत

**बिलासपुर।** गुरू गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर सोमवार को गोल बाजार चौक में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत के नेतृत्व में नगर कीर्तन पंज प्यारों एवं गुरू ग्रंथ साहब का पुष्प वर्षा कर फूलों के हार से स्वागत किया गया।

दयालबंद गुरूद्वारा से प्रारंभ ये नगर कीर्तन गांधी चौक, जूना बिलासपुर, गोल बाजार, सदर बाजार होते हुए सेंट्रल गुरूद्वारा गोड़पारा पहुंचा। नगर कीर्तन में श्रद्धालु महिलाएं सड़क में झाडू लगाते हुए चल रही थीं। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने गोल बाजार चौक में नगर कीर्तन पर फूलों की वर्षा की। इसके साथ ही पंज प्यारों एवं गुरू ग्रंथ साहब पर पुष्प माला अर्पित किए। नगर कीर्तन का विभिन्न स्थानों पर फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा गतकों का शानदार प्रदर्शन किया गया। इन्हें देखने सड़कों के दोनों ओर भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत, किशोर राय, अमरजीत सिंह दुआ, अजीत सिंह भोगल, राजेश मिश्रा, चंद्रभूषण शुक्ला, उमेश यादव, अमित चतुर्वेदी, बंधु मौर्य, कमल कौशिक, कृष्णमोहन पाण्डेय, दस्तगीर भाभा, अमरदीप बोलर, विवेक ताम्रकार, महर्षि बाजपेयी, ऋषभ चतुर्वेदी, देवेश खत्री, चिंटु खण्डेलवाल, रीना गोस्वामी, आशीष शुक्ला, सतीश यादव, प्रदीप वर्मा, बालेन्द्र रजक, आशीष मिश्रा, आनंद तिवारी, दिनेश देवांगन सहित भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# नियमों का पालन शत प्रतिशत करें, तब दुर्घटना मुक्त भारत की कल्पना साकार होगी: आईजी

बिलासपुर। आईजी अजय यादव ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ करते हुए कहा प्रत्येक व्यक्त यातायात के नियमों का पालन शत प्रतिशत पालन करे तो दुर्घटना मुक्त भारत की कल्पना साकार हो सकती है। आईजी श्री यादव ने पहले दिन रिवरव्यू में झरी झंडी दिखाकर विशाल हेलमेट बाइक रैली को रवाना किया गया। इस दौरान रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई आम लोगों को दो पहिया वाहन चलाते समया यातायात नियमों के पाल के साथ स्वंय की रक्षा के लिए हेमलेट का औचित्य बताते हुए पुलिस ग्राउंड में रैली का समापन किया गया है। रैली में यातायात सुरक्षा संबंधी संदेशों का प्रचार करते हुए यातायात रथ भी साथ में चल रहा था। रैली में यातायात, जिला पुलिस बल, होमगार्ड, सशस्त्र बल, एनसीसी, एनएस व सुरक्षा समिति के वरिष्ठ सदस्य के जवानों के साथ विभिन्न महाविद्यालय के छात्र छात्राएं, स्थानिय सहित 500 लोग शामिल हुए। डीएसपी संजय साहू ने बताया कि यातायात प्रचार का कार्यक्रम प्रतिदिन विभिन्न प्रकार से आयोजित किया जाएगा, साथ ही साथ निरंतर 15 जनवरी से 14 फरवरी तक यातायात थाना परिसर में लर्निंग लाइसेंस, शासकीय दर पर बनाए जाने कैंप भी लगाया गया है। पहले दिन 30 लोगों न लाभ उठाया है। इस दौरान एडीशनल एसपी राजेन्द्र कुमार जायसवाल, एएसपी अर्चना झा, प्रशिक्षु आईपीएस सिविल लाइन सीएसपी संदीप पटेल सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।




**स्पेशल ओलंपिक भारत की एथलीट लीडर**

# सिमरन ने बैडमिंटन व डांस में जीता इनाम

**बिलासपुर।** छग से स्पेशल ओलंपिक भारत की एथलीट लीडर सिमरन पूजारा ने इंटरनेशनल पर्पल फेस्ट गोवा 2024 में यूनिफाइड बैडमिंटन डबल्स में दूसरा व डांस में तीसरा स्थान प्राप्त कर देश में राज्य व शहर का नाम रोशन किया है। इस संबंध में श्रीमती कविता पूजारा ने बताया कि इंटरनेशनल पर्पल फेस्ट गोवा 2024 का आयोजन 8 से 13 जनवरी तक गोवा में हुआ। ये आयोजन गोवा सरकार और सामाजिक और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा किया गया है, जो डिसएबिलीटी में एबीलीटी को प्रदर्शित करता है। इस आयोजन में सभी 21 प्रकार के दिव्यांगों को एक ही छत के नीचे मंच दिया गया, ताकि वे अपना हुनर दिखा सकें व एक दूसरे से कुछ नया सीख कर दूसरों को प्रेरणा दे सकें। यहां विभिन्न तरह के स्टॉल में देश के कई शहरों से आए संस्थानों ने नई टेक्नोलॉजी के विभिन्न उपकरणों व संस्थानों को भी शामिल किया था, ताकि दिव्यांगजन भी इसका लाभ उठा कर समाज की मुख्य धारा से जुड़ें। आयोजन में स्पेशल ओलंपिक भारत ने भी विभिन्न प्रकार के स्पोर्ट्स का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न राज्यों के करीब 200 एथलीट्स व कोच ने भाग लिया। इसमें छत्तीसगढ़ से सिमरन पूजारा ने बैडमिंटन व डांस स्पोर्ट्स में क्रमशः दुसरा व तीसरा स्थान प्राप्त कर स्पेशल ओलंपिक भारत की प्रेसीडेंट डॉ मल्लिका नड्डा, नेशनल डायरेक्टर श्रीमती मुक्ता नारायण, नेशनल स्पोर्ट्स डायरेक्टर विक्टर वाज,व गोवा के मुख्यमंत्री डॉ सावंत की पत्नी श्रीमती सावंत के हाथों पुरस्कार प्राप्त किया। अभी सिमरन डांस एवं बैडमिंटन का प्रशिक्षण क्रमशः अभिनव भार्गव व हेम पांडे से ले रही हैं। सिमरन की इस कामयाबी के लिए एरिया डायरेक्टर डॉ प्रमोद तिवारी व उनकी टीम सहित सभी शुभचिंतकों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# राज्य स्तरीय कबड्डी में बिलासपुर 13वीं बार चैंपियन



**बिलासपुर।** 23वीं राज्य स्तरीय ओपन सीनियर पुरुष कबड्डी चैंपियनशिप का खिताब बिलासपुर ने कोरबा को हराकर 13वीं बार अपने नाम कर लिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल एनआईएस कबड्डी कोच ने बताया कि 23वीं राज्य स्तरीय ओपन पुरुष कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन 12 से 14 जनवरी तक जिला कबड्डी संघ सारंगढ़ भिलाईगढ़ की मेजबानी में सरिया में आयोजित किया गया था, जिसमें राज्य से 23 पुरुष टीमों की इकाई जिला व नगर की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में बिलासपुर ने 5-5 रेड में कोरबा को 7 के मुकाबले 5 अंकों से हराकर लगातार सातवीं बार और ओवर आल 13 वीं बार ख़िताब जीतकर इतिहास रच दिया। विजेता टीम बिलासपुर को 10000 रु, पांच ग्राम गोल्ड के साथ मुख्य अतिथियों ने ट्रॉफी प्रदान किया। उपविजेता कोरबा को 7000 रु, तीन ग्राम गोल्ड व ट्रॉफी दी गई। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बिलासपुर नगर के संस्कार मिश्रा को चुना गया।

### नेशनल चैंपियनशिप में प्रदेश का करेंगे प्रतिनिधित्व

प्रतियोगिता के चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय सीनियर कबड्डी चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे जो मार्च में आयोजित किया जाएगा। विजेता होने पर जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष जीवन मिश्रा, उपाध्यक्ष सौरभ राय जिला कबड्डी संघ सचिव प्रदीप यादव, जिला कबड्डी संघ कार्यकारिणी अध्यक्ष राजेंद्र जगत, छत्तीसगढ़ कबड्डी प्रीमियर लीग चैयरमेन हेमन्त यादव, छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ कोषाध्यक्ष अवध राम चंद्राकर, रेफरी बोर्ड चैयरमेन हरबंस कस्तूरिया, व्यायाम शिक्षक जीतेन्द्र सराफ,शरद यादव, राकेश देवागन, पुन्नी राम साहू, श्यामू साहू,आदि ने उनके बेहतर प्रदर्शन की सराहना की।

## बिजनेस प्लस

### एसएस स्टील सेंटर में ड्रोन स्प्रे उपलब्ध

**बिलासपुर।** साइंस कॉलेज मैदान में चल रहे उद्योग एवं व्यापार मेला के स्टॉल क्रमांक सी-10 में लगे एस एस स्टील सेंटर के संचालक में बताया कि संस्थान में कृषि कार्य में उपयोग होने वाले आधुनिक उपकरण उपलब्ध हैं। इन उपकरणों का उपयोग कर किसान काम कम समय में अधिक काम कर सकते हैं। किसान भाइयों के लिए खेतों में दवाई छिड़काव के लिए ड्रोन स्प्रे लाया गया है जिसके द्वारा कम समय मे कई एकड़ खेतों को छिड़काव किया जा सकता है। ये रिमोट से संचालित होता है। स्टॉल में ड्रोन स्प्रे मशीन डेमो के लिए रखा गया है। इस ड्रोन स्प्रे द्वारा युवा और बेरोजगार साथी अपने आय का श्रोत बढ़ाने में सहायक बन सकते हैं। इसे खरीद कर खेतों में किराए पर दे सकते हैं। इसके साथ-साथ हमारे यहां क्लास हार्वेस्टर, गील थ्रेसर, पावर टिलर, रोटावेटर , ब्रश कटर, चैन सा, पावर पावर ट्रिलर, पावर वीडर आदि उपकरण सब्सिडी के साथ उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि उनकी संस्थान व्यापार विहार में है।




**BHARTI VISHWAVIDYALAYA**
Established under C.G. Private University (Establishment and Operation) Act, 2005
recognized u/s 2(f) UGC Act 1956
Email : registrar@bhartiuniversity.org , bhartiuniversity.in@gmail.com

Applications are invited for the position of

**VICE-CHANCELLOR**

A distinguished academician, with experience as a professor in a reputed organization and proof of demonstrated academic leadership.

**Professor, Associate Professor, Asst. Professor**

Applications are invited for the following departments:- Pharmacy, ME, CSE, CE, EE, ET&T, Commerce, Mgnt, Hotel Mgt, Education, Chemistry, Physics, Botany, Sanskrit, Zoology, Forensic Science, Sociology, Microbiology, Law, Maths, Biotech, History, Economics, Geography, Hindi, English, Psychology, Political Sc, Computer Science & IT, Library, Journalism & Mass Comm. and Non Teaching Staff on Regular and Adhoc Basis.

Interested candidates may send their resume with all testimonials within 10 days to bhartiuniversity.in@gmail.com

**Eligibility & pay scale : As per UGC/ Statutory norms.**

Registrar

Website : www.bhartiuniversity.org

15 JAN- BSP -pg-3-0_Layout 1 1/16/2024 12:58 AM Page 1



**खबर संक्षेप**

## 11 सूत्रीय मांगों को लेकर संघ सौपेंगा आज ज्ञापन

**बिलासपुर।** प्रदेश के कर्मचारियों की लंबित मांगों एवं अनेक ज्वलंत समस्याओं के शीघ्र निराकरण करने प्रांतीय निकाय के आहवान पर छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, जिला शाखा बिलासपुर द्वारा अनुरोध ज्ञापन सीएम एवं मुख्य सचिव छग शासन के नाम पर कलेक्टर बिलासपुर के माध्यम से 16 जनवरी को भोजनावकाश के बाद सौंपा जाएगा। जिला एवं तहसील शाखा के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य पुराने कंपोजिट बिल्डिंग के सामने परिसर में एकत्रित होकर रैली निकालकर कलेक्टोरेट कार्यालय जाएंगे और वहां पर सीएम के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कल

**बिलासपुर।** सर्वेश्वरी समूह शाखा सेंदरी कोनी द्वारा 17 जनवरी को नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर व नि:शुल्क दवाई का वितरण किया जाएगा। शिविर बुधवार को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक सर्वेश्वरी समूह शाखा करही, मुंगेली में आयोजित की जाएगी। इसमें विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे और मरीजों की जांच कर दवा देंगे। शिविर में सर्दी, जुकान, खांसी, लकवा, पक्षाघात, चर्म रोग, बवासीर, खुजली, आमवात, गठियावात, जोड़ों का दर्द, छाती रोग, गैस, पीलिया आदि की दवाइयां नि:शुल्क दी जाएगी।

## दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस नए रूट से चलेगी

**बिलासपुर।** ट्रेनों को गति देने रेलवे लगातार इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप कर रहा है। इसी कड़ी में लखनऊ मंडल के लखनऊ चारबाग-बाराबंकी-अयोध्या कैंट-शाहगंज-जफराबाद स्टेशनों के बीच अधोसंरचना विकास का कार्य किया जाएगा । इस वजह से गाड़ी संख्या 18205/18206 दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से चलेगी । इसमें 18 जनवरी को दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 18205 दुर्ग-नौतनवा नए रूट व्हाया प्रयागराज-जंघई-वाराणसी-वाराणसी सिटी मार्ग होकर नौतनवा जाएगी । इसी प्रकार 20 जनवरी को नौतनवा से चलने वाली गाड़ी संख्या 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस अलग रूट व्हाया वाराणसी सिटी-वाराणसी-जंघई-प्रयागराज मार्ग होकर दुर्ग आएगी ।

## हाइवा की चपेट में आकर मजदूर की मौत

**सीपत।** मिट्टी लेकर जा रही हाइवा की चपेट में आने से सीपत गुड़ी मार्ग पर लिमहाई के पास एक युवक की मौत हो गई। सीपत पुलिस हाइवा जब्त कर मामले की जांच में जुट गई है। सीपत पुलिस के अनुसार सोमवार को ग्राम खांड़ा निवासी जीवनदास मानिकपुरी उम्र 45 वर्ष दोस्त नरेश केंवट के साथ बाइक खरीदने आए हुए थे। बाइक खरीदने के बाद वे दोपहर 2 बजे वापस घर को लौट रहे थे, तभी सामने से तेज रफ़्तार हाइवा क्रमांक सीजी 12 एमबी 4235 के चालाक ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे जीवनदास मानिकपुरी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं नरेश घायल हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और चक्काजाम कर रहे ग्रामीणों को समझाइश देकर मामले की जांच में जुट गई।

## क्रेडिट कार्ड से 3 लाख 88 हजार की ठगी

**बिलासपुर।** पत्नी के संयुक्त खाता में क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 3 लाख 88 हजार की ठगी करने वाले पति के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा टीआई जेपी गुप्ता ने बताया, अशोक नगर चांटीडीह निवासी ज्याति मिश्रा पिता हनुमान प्रसाद मिश्रा ने रिपोर्ट लिखाई। वे जांजगीर में सरकारी विभाग में कार्यरत हैं। 8 जुलाई 2019 को उनकी शादी सोनगंगा कालोनी निवासी प्रशांत मिश्रा से हुई थी। 2 साल से वे अपने पति से अलग रह रही हैं। 4 मई को उनके पति के द्वारा उनके संयुक्त बैंक खाता से क्रेडिट कार्ड के माध्यम से उनकी बिना जानकारी के 3 लाख 88 हजार लोन लेकर गबन कर दिया गया है। लोन की राशि पटाने के लिए उनके सेलरी का बैंक एकाउंट दे दिया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर पति प्रशांत मिश्रा के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# सिम्स में बनेगा 10 बेड का ट्राइएज, मरीजों को मिलेगी मिनी ट्रामा की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में जल्द ही ट्रामा की तर्ज पर 10 बेड का ट्राइएज बनाया जाएगा, जहां 24 घंटे डाक्टरों की स्पेशल टीम मरीजों का इलाज करेगी। इसके निर्माण की तैयारी शुरू कर दी गई है, पीडब्ल्यूडी द्वारा ग्राउंड फ्लोर पर निर्माण कार्य शुरू किया गया है, महज एक माह के बाद यह सुविधा सिम्स में मिलने लगेगी, हार्ट अटैक, एक्सीडेंटल और बर्न केस को 24 घंटे के आब्र्जवेशन में रखा जाएगा।

■ हार्ट अटेक, एक्सीडेंटल और बर्न केस को देखेने केजुवल्टी से अतिरिक्त होगा इलाज

दुर्घटना में घायल मरीजों को सिम्स में दर्द से कराहना पड़ता है, केजुवल्टी में 4 बेड की सुविधा होने के कारण इमरजेंसी के समय खासी दिक्कतों को सामना करना पड़ता है और मरीज के साथ ही परिजन भी अधीर होते हैं। ऐसे में महानगरों के अनुरूप ट्रामा सेंटर के नहीं होने के बाद भी मिनी ट्रामा बनाने का फैसला प्रबंधन ने किया है। इसके ट्राइएज कहा जाता है। जहां वेंटिलेंटर, मिनटी ट्रामा यूनिट, आर्थोपेडिक सर्जन, ईएनटी स्पेशलिस्ट डाक्टर उपलब्ध रहेंगे, 10 बेड के ट्राइएज में लोगों को 24 घंटे के लिए आब्र्जवेशन में रखा जाएगा, इसके बाद ही वार्ड में शिफ्ट किया जा सकेगा।

बताया जा रहा है कि इसमें 3 यूनिट के डाक्टर रखें जाएंगे, जो संवेदनशील, गंभीर और अतिगंभीर श्रेणी के मरीजों को इलाज कर उन्हें बेहतर इलाज मुहय्या करा सकेंगे। अपोलो अस्पताल की तरह यहां भी मरीजों को हर हाल में बचाने का प्रयास किया जाएगा।



### लगेगा एक माह का समय

डाक्टरों के अनुसार ट्रामा यूनिट के डाक्टर के साथ शुरू किए जाने वाले ट्राइएज के लिए 1 माह समय लग सकता है। पीडब्ल्यूडी को वार्ड बनाने का जिम्मा दे दिया गया है, 10 नए बेड, आक्सीजन, वेंटिलेटर, मल्टीमीटर व अन्य उपकरणों की व्यवस्था करने के बाद ट्राइएज को शुरू किया जाएगा।

### आज से मिलेगा मरीजों को टोकन

सिम्स में ओपीडी में इलाज कराने और दवा के लिए मरीजों को खड़ा नहीं होना पड़ेगा, टोकन की शुरूआत मंगलवार से शुरू की जाएगी। प्रारंभिक तौर पर पंजीयन के लिए टोकन शुरू किया जा रहा है, मरीज पंजीयन के लिए टोकन कटाकर अपनी बारी का इंतजार करेगा और डिस्पेल पर नाम अंकित होने के बाद अपने डाक्टर से ओपीडी में मुलाकात कर सकेगा।

### मिनी ट्रामा की सुविधा

डाक्टरों के अनुसार ट्राइएज मिनी ट्राम की तरह ही काम करता है, विशेषज्ञों की टीम के मॉनिटरिंग में मरीजों का इलाज किया जाता है। वर्तमान में केजुवल्टी में जगहों की कमी के चलते मरीजों को फर्स्ट एग देकर सीधे वार्ड में शिफ्ट कर दिया जाता है, जिससे कई बार मरीज की हालत 24 घंटे में ही बिगड़ने लगती है और अंततः प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगता है लेकिन अब डाक्टर की टीम 24 घंटें तक मरीजों की देखभाल कर सकेगी। इस दौरान इलाज में सतर्कता बरती जाएगी।

### स्पेशल डाक्टरों की टीम रहेगी

ट्राइएज को मिनी ट्रामा कहा जा सकता है, 24 घंटे तक मरीजों को स्पेशल डाक्टरों की टीम आब्र्जव करेगी और इलाज जारी रहेगा। केजुवल्टी में कई बार जगह की कमी के चलते मरीजों को प्रारंभिक उपचार के बाद सीधे वार्ड में भेजा जाता है, अब मरीज की गंभीरता को देखते हुए उसे ट्राइएज में रखा जाएगा।

**-डा सुजीत नायक,** अधीक्षक, सिम्स

छतों पर लगाए होर्डिंग्स में भी नियमों और सुरक्षा का पालन नहीं

# 23 सालों में छत्तीसगढ़ में होर्डिंग्स पालिसी नहीं बनी, इसलिए विज्ञापनों से पटा शहर




शहर के सभी प्रमुख और बड़े चौराहों पर लगाए गए होर्डिंग्स।

### जिन राज्यों में पालिसी, वहां इस तरह के नियम

- सड़क-फुटपाथ से कम से कम दो मीटर पीछे हो
- पुरातात्वीय, ऐतिहासिक इमारत के आसपास न हो
- अस्पताल या नर्सिंग होम के सामने अनुमति नहीं
- पुलिस स्टेशन के पास भी यूनिपोल नहीं लग सकते
- स्कूल कॉलेज और लाइब्रेरी के पास भी परमिशन नहीं
- गार्डन, चौराहे व खेल के मैदान के पास भी नहीं लगेंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्य बनने के 23 साल बाद भी बिलासपुर क्या पूरे छत्तीसगढ़ में होर्डिंग पालिसी नहीं बनी है। इस वजह से शहर में बड़े-बड़े यूनिपोल और विज्ञापन होर्डिंग्स लगाने को लेकर कोई नियम ही नहीं है। प्रशासन और निगम के अधिकारी मनमर्जी से कहीं भी यूनिपोल लगाने की अनुमति दे रहे हैं। संबंधित एजेंसियों को सुरक्षा नियमों का पालन करने की नसीहत दी जाती है, लेकिन स्थान चयन को लेकर कोई गाइडलाइन नहीं है।

■ निगम के पास भी सिर्फ वही रिकार्ड हैं, जिनमें अनुमति दी गई है

शहर में कई जगहों पर डामर रोड से चिपकाकर यूनिपोल खड़े किए गए हैं। इस वजह से गाड़ी वालों को ही नहीं पैदल चलने वालों को भी परेशानी हो रही है। कई सड़कों पर यूनिपोल की वजह से ट्रैफिक जाम भी हो रहा है। छतों पर लगाए होर्डिंग्स में भी नियमों और सुरक्षा का पालन नहीं किया गया है। कई दशक पुरानी छतों पर भी हैवी होर्डिंग्स लगा दिए गए हैं। नियमों के यूनिपोल सड़क और फुटपाथ से कम से कम दो मीटर की दूरी पर होना चाहिए। यानी सड़क से उसकी दूरी छह फीट होनी चाहिए।

शहर में जिधर नजर घुमाइए होर्डिंग्स की भरमार नजर आती है। निगम के विज्ञापन शाखा की मानें तो नगर के विभिन्न इलाकों में कुल 214 होर्डिंग्स और डिवाइडर पर विद्युत पोल में 455 बोर्ड लगे हैं। जबकि इनकी तादात हजारों में हैं। जाहिर है कि यह बिना परमिशन के लगे हैं, जिससे आर्थिक संकट से जूझ रहे निगम को लाखों की क्षति हो रही है। यदि इस पर सख्ती बरती जाए तो आमदनी करोड़ों में पहुंच सकती है। बड़ी बात कि निगम के विज्ञापन शाखा के पास कोई आंकड़ा भी नहीं है कि शहर में कितने अवैध होर्डिंग्स और विज्ञापन बोर्ड लगाए हैं। निगम के पास सिर्फ वही रिकार्ड हैं, जिनमें अनुमति दी गई है।

### इस तरह हो रहा खेल

निगम के विज्ञापन शाखा के अधिकारियों से सांठगांठ कर इन एजेंसी के संचालकों ने 10-10, 12-12 होर्डिंग्स की अनुमति लेकर सैकड़ों की तादात में अपने होर्डिंग्स लगा रखे हैं। निगम के जिम्मेदार अधिकारी इसका सत्यापन कराकर आय बढ़ाने के बजाए आंख मूंदकर बैठ गए हैं। निगम के विज्ञापन शाखा के मुताबिक यहां 10 एडवरटाईजिंग एजेंसियां पंजीकृत हैं। इन एजेंसियों ने शहर के चौक-चौराहों और मुख्य मार्ग के भवनों की छतों और सड़कों के किनारे 214 होर्डिंग्स लगा रखे हैं, जिनमें 20 शासकीय व 194 निजी हैं। वहीं शहर की सड़कों के बीचों-बीच डिवाईडर पर 455 बोर्ड लगाए गए हैं। जिनमें से 233 बोर्ड 3 साल की निविदा वाले हैं और 222 अस्थाई तौर पर 3-4 माह के लिए अनुमति लेकर लगवाए गए हैं। लेकिन निगम सीमा में लगे होर्डिंग्स की तादात निगम के बनाए इन आंकड़ों से 20 गुना से भी ज्यादा है।

### आमदनी 94 लाख पूरा शहर पटा हुआ

देखा जाए तो पूरा शहर होर्डिंग्स बोर्ड से अटा पड़ा हुआ है और निगम को इससे महज 94 लाख रुपए की आमदनी हो रही है जो बेहद कम है। इन होर्डिंग्स संचालकों ने अभी तक निगम में बतौर शुल्क 50 लाख रुपए जमा कराए हैं, 44 लाख रुपए और आना है। वहीं इन होर्डिंगों से लोगों को जान का भी खतरा है। गौरतलब है कि निगम ने निजी ऐजेंसियों के लिए 28 रुपए प्रतिवर्ग फुट और शासकीय होर्डिंग्स के लिए 309 रुपए प्रतिवर्ग फुट के हिसाब से दर तय किया हुआ है। डिवाइडर पोल पर लगाए गए विज्ञापन बोर्ड की दर जोन के हिसाब से तय किया गया है। जोन क्रमांक 1 में प्रति पोल के बोर्ड की दर 8181 रुपए, जोन - 2 में 7171 रुपए, जोन -3 में 6061 रुपए और जोन -4 में 6061 रुपए तय है। डिवाईडर पोल पर लगे बोर्ड का तीन साल के लिए टेंडर किया गया है। वहीं 222 बोर्ड 3-4 माह के लिए अनुमति लेकर लगाए गए हैं।

### शासन को पत्र लिखा गया है

होर्डिंग्स पालिसी राज्य सरकार बनाती है। इस संबंध में शासन को पत्र लिखा गया है। फिलहाल नियम-शर्तों के साथ एजेंसियों को होर्डिंग्स और यूनिपोल की अनुमति दी जा रही है। कहीं कोई गलत है तो अधिकारियों से जांच कराने के बाद कार्रवाई करेंगे।

**- आरए कुरुवंशी**
अतिरिक्त कलेक्टर



सीसीटीवी में दिख रहे व्यापारी से मारपीट करने वाले आरोपी।

# शराब के लिए पैसा नहीं देने पर व्यापारी से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शराब खरीदने के लिए पैसा नहीं देने पर युवकों ने गुंडागर्दी करते हुए बेकरी संचालक के साथ जमकर मारपीट कर दी है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, 27 खोली विकास नगर निवासी दिनेश मेहर चंदानी पिता मनोहर मेहर चंदानी जरहाभाठा राजीव गांधी चौक निवासी में बेकरी की दुकान चलाते हैं। 14 जनवरी की रात 9.15 बजे उनकी दुकान में जरहाभाठा निवासी उमेश दुबे, पवन सूर्यवंशी, देवचरण उर्फ विशाल एवं एक अन्य युवक आए और श्री चंदानी से शराब खरीदने के लिए पैसा मांगने लगे। उन्होंने पैसा देने से मना किया तो युवकों ने गुंडागर्दी करते हुए जान से मारने व दुकान को जला देने की धमकी दी। उन्होंने समझाने की कोशिश की और पैसा देने से मना कर दिया। इस पर युवकों ने हाथ मुक्का, बेल्ट से उनके साथ जमकर मारपीट कर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ धारा 327, 294, 323, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### महिला रेलवेकर्मी के घर में घुसकर तोड़फोड़

तारबाहर पुलिस के अनुसार, वायरलेस कालोनी निवासी मनोरमा कुम्हार पति अनूप कुम्हार रेलवे विभाग में असिस्टेंट वर्क के पद पर पदस्थ हैं। 14 जनवरी की रात 10.30 बजे वे अपने परिवार के साथ ऊपरी मंजिल के हाल में खाना खा रहे थे। इसी दौरान रंजिश में अंकुश यादव, पिन्टू यादव, मनीष एवं अन्य साथियों के साथ लाठी लेकर उनके घर में जबरन घुसकर कुर्सी, कूलर एवं अन्य सामानों में जमकर तोड़फोड़ की। पालतू कुत्ते के भौंकने पर युवक भाग गए और उनके घर में पथराव करने लगे। बाद उन्हें जानकारी मिली कि युवकों द्वारा 12 खोली निवासी जी विजिया की स्कूटी क्रमांक सीजी 10 एयू. 8201 में तोड़फोड़ की गई है। पुलिस ने रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ धारा 452, 427, 294, 506, 352, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# जिला अस्पताल की दो लिफ्ट बंद, तीसरी मंजिल तक पहुंचने में निकलता है दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दो दिनों से मातृ एवं शिशु अस्पताल की लिफ्ट बंद है और गर्भवती महिलाओं को सीढ़ियों के सहारे तीसरे और चौथे तल तक पहुंचाना पड़ रहा है। वहीं प्रबंधन लिफ्ट बनवाने को लेकर उदासीन बना हुआ है।

■ ठेकेदार से मेंटनेंस करने से कर दिया है मना

जिला अस्पताल में अव्यवस्था दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, प्रबंधन की लापरवाही का खामियाजा मरीज और परिजनों को भुगतना पड़ रहा है, पिछले कई दिनों से मातृ एवं शिशु अस्तपाल की लिफ्ट बंद है, लेकिन इसके मरम्मत के लिए प्रबंधन बनाने बना रहा है। बताया जा रहा है कि जिस ठेका कंपनी को लिफ्ट के मरम्मत का कार्य सौंपा गया है, उसकी ब्रांच शहर में नहीं है। ऐसे में कंपनी ने सेवा देने से मना कर दिया है, वहीं उसका ठेका भी खत्म हो चुका है। एक लिफ्ट साल भर से बंद पड़ी हुई है और एक लिफ्ट के सहारे ही पूरा अस्पताल स्टाफ और मरीज चौथे तल तक पहुंच पाते थे, लेकिन दूसरे लिफ्ट में सीवरेज का पानी भरने के कारण लिफ्ट में शार्ट सर्किट हो चुका है। जिसके बाद से लिफ्ट का परिचालन बंद कर दिया गया है। प्रबंधन की लापरवाही की वजह से गर्भवती महिलाओं के खासी दिक्कतों को सामना करना पड़ रहा है और प्रबंधन इस बारे में ध्यान नहीं दे रहा है।



गर्भवती महिला को भी पैदल ही जाना पड़ा।

### कल से खरसिया में रुकेगी कर्मभूमि एक्स.

**बिलासपुर।** यात्रियों की मांग व सुविधा को देखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के खरसिया स्टेशन में गाड़ी संख्या 22511/22512 एलटीटी-कामाख्या-एलटीटी कर्मभूमि एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव दिया जा रहा है। गाड़ी संख्या 22511 एलटीटी-कामाख्या कर्मभूमि एक्सप्रेस 17 जनवरी से तथा गाड़ी संख्या 22512 कामाख्या-एलटीटी कर्मभूमि एक्सप्रेस 21 जनवरी रविवार से खरसिया स्टेशन में रुकेगी । 22511 एलटीटी-कामाख्या कर्मभूमि एक्सप्रेस, खरसिया स्टेशन 08.57 बजे पहुंचेगी तथा 08.59 बजे रवाना होगी। इसी प्रकार 22512 कामाख्या-एलटीटी कर्मभूमि एक्सप्रेस खरसिया स्टेशन 23.37 बजे पहुंचेगी तथा 23.39 बजे रवाना होगी।

# रेलवे स्टेशन में नो-पार्किंग में खड़ी गाड़ियों की डीसीएम ने खोली हवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे स्टेशन में बेतरतीब पार्किंग और मनमाने चार्ज वसूली का खेल चल रहा है। ऐसे में हाईकोर्ट ने भी इसे लेकर फटकार लगाई है। अब रेलवे के अफसर स्टेशन की पार्किंग का निरीक्षण कर रहे हैं।

सोमवार को सीनियर डीसीएम विकास कश्यम ने निरीक्षण के दौरान नो-पार्किंग एरिया में खड़ी दर्जनों गाड़ियों के चक्कों की हवा खोल दी। इसमें अधिकतर वाहन रेलवे के टीटी,जीआरपी जवान और रेलवे गार्ड सहित अन्य स्टॉफ के थे। अफसरों ने पार्किंग ठेकेदार और उनके कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी कि कोई भी नो-पार्किंग एरिया में वाहन ना खड़ा करे। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी भास्कर सोनी ने बताया कि नो-पार्किंग में खड़े होने वाले वाहनों पर प्रतिदिन कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को भी अफसरों के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। इस दौरान दो दर्जन से अधिक वाहनों पर कार्रवाई करते हुए। चालान काटा गया। पार्किंग स्टैन के ठेकेदार और उनके कर्मचारियों को हिदायद भी दी गई है कि डॉप-एंड-गो सहित अन्य नियमों का पालन करे। किसी भी यात्री किसी भी तरह की परेशानी न हो।



# निजी स्कूल की 25 % सीटों में बच्चों को मिलेगा नि:शुल्क प्रवेश, 1 मार्च से अर्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटों पर जरूरतमंद बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा मिलेगी। इसके लिए शासन ने निजी स्कूलों से उनके यहां दर्ज संख्या का रिकार्ड मांगा है। शिक्षा के अधिकार के तहत मुफ्त में निजी स्कूलों में भर्ती के लिए नोटिस जारी किया है। निजी स्कूलों में नि:शुल्क में पढ़ाई के लिए एक मार्च से आवेदन करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार बाल शिक्षा का अधिकारी अधिनियम के तहत सत्र 2024-25 के लिए निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों के माध्यम से बच्चों को नि:शुल्क प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश के लिए आरटीई डाट सीजी डाट इन पोर्टल में आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रथम चरण का पंजीयन एक मार्च से 15 अप्रैल तक किया जाएगा।

### सर्वे सूची 2011 में नाम होना जरूरी

द्वितीय चरण का पंजीयन 1 जुलाई से आठ जुलाई तक किया जाएगा। नोडल अधिकारियों के द्वारा दस्तावेजों की जांच 9 जुलाई से 15 जुलाई, लाटरी का आवंटन 17 जुलाई से 20 जुलाई तक स्कूल दाखिला 22 जुलाई से 31 जुलाई तक किया जाएगा। प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे विद्यार्थी का जन्म प्रमाण पत्र, अभिभावक का पता और पहचान पत्र, बीपीएल सर्वे सूची वर्ष 2002-03 या वर्ष 2007-08 या सामाजिक और आर्थिक जातिगत जनगणना सर्वे सूची 2011 में नाम हो इसके साथ ही जाति प्रमाण पत्र, अगर मानसिक रूप से विकलांग है तो सरकारी अस्पताल से 40 % तक का प्रमाण पत्र आवश्यक हैं।

# दो माह से डेढ़ लाख बेरोजगारों को नहीं मिला भत्ता, रोजगार कार्यालय का लगा रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बेरोजगारों को पिछली सरकार हर माह 2500 रूपए भत्ता देती थी, लेकिन 2 माह से बेरोजगार युवाओं के खाते में भत्ते की राशि नहीं पहुंची है। ऐसे में अब बेरोजगारी भत्ता योजना के बंद होने की आशंका बनी हुई है। प्रदेश में आखिरी बार नवंबर 2023 में बेरोजगारी भत्ता की आखिरी किशत जारी की गई थी। प्रति महीने 2500 रुपए प्रदान किए जाने वाले बेरोजगारी भत्ते को लेकर अभी भी संशय है। ऐसा इसलिए क्योंकि बेरोजगारी भत्ते पर अभी तक आधिकारिक निर्णय नहीं लिया गया है। रोजगार विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शासन से किसी प्रकार का दिशा-निर्देश जारी नहीं किया गया है। प्रदेश में 16 लाख 62 हजार पंजीकृत बेरोजगार हैं, जिसमें से बिलासपुर में लगभग 6 हजार और पूरे प्रदेश में डेढ़ लाख लोगों ने बेरोजगारी भत्ता योजना में पंजीयन कराया है। प्रदेश में 17 नवंबर 2023 को मतदान हुआ 3 दिसंबर को चुनाव परिणाम आए। बीजेपी की बहुमत के साथ सरकार बनी। घोषणा पत्र के अनुसार धान 21 क्विंटल प्रति एकड़ की खरीदी के आदेश आए।

### 8 माह में 146 करोड़ हुआ वितरण

आचार संहिता की अवधि में भी योजना का लाभ बेरोजगारों को नवंबर तक मिलता रहा। प्रदेश में बेरोजगारों को आठ महीने में 146 करोड़ रुपए का वितरण किया। प्रदेश में एक अप्रैल 2023 को पूर्ववर्ती सरकार ने बेरोजगारी भत्ता योजना की शुरुआत की थी। 12 वीं पास बेरोजगारों को इस योजना के तहत उनके खातों में सीधे 2500 रुपए की राशि प्रदान की जाती थी। बेरोजगारों को आर्थिक मदद के साथ ही कौशल विकास प्रशिक्षण का प्रावधान किया गया था। योजना के लिए आवेदकों की आयु न्यूनतम 18 वर्ष से 35 वर्ष रखी गई थी।

### शासन से निर्देश नहीं मिला

बेरोजगारी भत्ते को लेकर शासन से मिले दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा। योजना को बंद करना या जारी रखने का निर्णय शासन स्तर पर लिया जाना है। आखिरी किश्त नवंबर महीने में जारी की गई थी। वर्तमान में बजट में बेरोजगारी भत्ता को नहीं शामिल किया गया है। प्लेसमेंट के माध्यम से भर्तियां की जा रही हैं।

**- एसी पहारे,** उप संचालक
रोजगार विभाग।

# जादू टोने के संदेह में वृद्धा को गर्म लोहे से जलाया, 4 दिन बाद जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जादू टोने के संदेह पर वृद्धा से मारपीट कर गर्म लोहे से जलाने वालों के खिलाफ 4 दिन बाद जुर्म दर्ज किया गया है। वहीं हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं हुई है।



■ हमलावर परिवार गांव छोड़कर भागे

■ घटना मस्तूरी क्षेत्र के ग्राम भदौरा की

ज्ञात हो कि 11 जनवरी को मस्तूरी क्षेत्र के ग्राम भदौरा निवासी महिला को गांव के केजऊ राठौर व उसके घर के सदस्यों ने बुलाया। जादू टोना करने का आरोप लगाकर गाली गलौज करते हुए वे अपने घर लेकर चले गए। उसके बाद उनके साथ बेरहमी से मारपीट करने के बाद गर्म लोहे से उनके शरीर के कई जगहों को जलाया गया है। वृद्धा के बेहोश होने पर घर से बाहर झाड़ियों में उन्हें फेंक दिया था। होश आने पर वृद्धा ने शोर मचाया तब गांववालों को जानकारी हुई। परिजन के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया था। 4 दिन बाद पुलिस ने अमृत लाल सोनवानी की रिपोर्ट पर हमलावर केजउ राठौर एवं उसके परिवार के सदस्य, दो बैगा के खिलाफ धारा 307, 294, 323, 363, 34, टोनहीं अधिनयम की धारा 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस हमलावरों को पकड़ नहीं पाई है। बताया जाता है घटना के बाद से हमलावर परिवार के साथ गांव छोड़कर भाग गए हैं।

## खबर संक्षेप

### अयोध्या कर्म भूमि के सेवकों की अगुवाई में अक्षत कलश यात्रा



**जरहागांव।** सेमरसल पंचायत का आश्रित गांव बटहा में राम मंदिर अक्षत कलश यात्रा गांव में निकाली गई। इस अवसर पर प्रत्येक घर के सामने रंगोली से सजाया गया था। ग्रामीणों ने अक्षत कलश का फूलों से स्वागत किया। इस दौरान कार सेवक छविछन्द्रनाथ दुबे, विजेंद्र सिंहठाकुर, दौलत राम कश्यप, रघुवर सिंह ठाकुर का भी स्वागत किया गया। पं. भुपेंद्र दुबे ने कहा कि 22 जनवरी को मेरा गांव मेरा परिवार बटहा के सौजन्य से श्री सिद्ध आश्रम नवागांव में भंडारा प्रसाद वितरण व रामचरित मानस का आयोजन किया जाना है। जिसमें सभी प्रभु रामचन्द्र के कथा का रसपान व भंडारा प्रसाद ग्रहण कर अपने जीवन को सफल बनाएं। उक्त आयोजन को सफल बनाने हेतु नीलेश दीक्षित, चंद्रशेखर, मनीष कश्यप, हितेश कश्यप, कमल तिवारी, पंकज निषाद, अनिल उपाध्याय, नारायण कश्यप के साथ ग्रामवासी जुटे हुए है।

### संतोष ठाकुर बने जिला कांग्रेस महामंत्री

**पेंड्रा ।** जिला कांग्रेस कमेटी गौरेला पेंड्रा मरवाही की जिला टीम की सूची प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जारी की। जिसमें युवा नेता संतोष ठाकुर को महामंत्री बनाया गया है। संतोष विगत 10 वर्ष से युवा कांग्रेस की राजनीति में सक्रिय है। 2013 में विधानसभा उपाध्यक्ष मरवाही विधानसभा, वर्तमान मे जिला महासचिव बिलासपुर युवा काँग्रेस के पद पर सक्रिय थे।



### संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन

**करगी रोड कोटा।** राम हनुमान मंदिर सेवा समिति व नगर वासियों के सहयोग से श्रीमद भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन नगर में किया जा रहा है। श्रीमद भागवत कथा का पाठ पं. महेश महराज चतुर्वेदी व कथा वाचक पं. राकेश मिश्रा कोटा द्वारा श्रवण कराया जाएगा। कथा के पहले दिन भव्य कलश यात्रा राम हनुमान मंदिर पड़ाव पारा से रेलवे स्टेशन रोड, चंडी माता मंदिर चौक होते हुए राम हनुमान मंदिर तक निकाली गई। कलश यात्रा में बडी संख्या में महिला व पुरुष शामिल हुए 1

### रायपुर से काम पर जाने निकले युवक की पचपेड़ी में फांसी पर लटकी मिली लाश

**मल्हार।** ग्राम गोडाडीह मोड़ हनुमान मंदिर के पास युवक की फांसी पर झूलती लाश मिलने से ग्रामीणों में हडकंप मच गया। मृतक युवक की पहचान पचपेड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम गोडाडीह निवासी ओंकार विनय लहरे पिता हीरालाल लहरे उम्र 21 वर्ष के रूप में हुई। जो अपने परिजन के साथ 3 माह पूर्व रायपुर काम करने के लिए गया था। परिवार के सभी सदस्य रायपुर में ही रहते है। परिजन ने बताया कि विनय लहरे काम करने जा रहा हूं कहकर 14 जनवरी को रायपुर से निकला था जो शाम रात तक घर वापस नहीं लौटा। वहीं परिजन ने बताया कि मृतक की मानसिक स्थिति कुछ वर्षों से खराब चल रही थी जिसका इलाज भी चल रहा था। मृतक रायपुर से यहां तक कैसे पहुंचा पुलिस जांच में पता चल पाएगा। फिलहाल पुलिस शव को पोस्टमार्टम में भेज आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### जली हालत में मिली लावारिस बाइक, पुलिस कर रही जांच

**मल्हार।** चौकी अंतर्गत ग्राम करियाताल (नेवारी) में सोमवार की सुबह पचपेड़ी मुख्य मार्ग के किनारे एक जली हुई बाइक मिली है। किसी अनहोनी होने की आशंका से ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। वहीं पुलिस मौके पर पहुंच आगे की जांच में जुट गई है। ग्रामीणों ने बताया कि बाइक को रविवार- सोमवार की दरमियानी रात यहां लाकर जलाया गया होगा। क्योंकि रात 10 बजे तक यहां कोई बाइक नहीं थी। मल्हार पुलिस जली गाड़ी के चेचिस नंबर के आधार पर बाइक मालिक की पतासाजी में जुट गई है।

## निधन

### विमला देवी बलभद्रे

**बिलासपुर।** गोंडपारा आदर्श चौक निवासी श्रीमती विमला देवी बलभद्रे का 15 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 16 जनवरी मंगलवार को दोपहर 2 बजे उनके निवास स्थान से पंडित देवकीनंदन दीक्षित मुक्ति धाम के लिए निकलेगी। वे किशोर कुमार, प्रदीप बलभद्रे की मां व सौरभ, शुभम, सारांश व शौर्य बलभद्रे की दादी थीं।



### शिवराम कैवर्त्य

**बिलासपुर।** सरकंडा बंगाली पारा निवासी शिवराम कैवर्त्य (से.नि. स्वास्थ्य विभाग) का 15 जनवरी को निधन हो गया। वे 66 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकण्डा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे नंदलाल (नंदू), सुनीता व सुनील कैवर्त्य के पिता थे।



### श्याम सुंदर साहू

**बिलासपुर।** बहतराई सरकण्डा निवासी श्याम सुंदर साहू का 15 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 जनवरी को सुबह 11 बजे गृह ग्राम बहतराई में किया जाएगा। वे शारदा, यशोदा, महावीर, योगेश के पिता थे।



# बिलासपुर से आए पतंग प्रेमियों ने जीपीएम के आकाश में की पतंगबाज़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

मकर संक्रांति पर मल्टीपरपस हाई स्कूल ग्राउंड पेंड्रा में बिलासपुर से आए पतंग प्रेमियों ने जिले में पतंगबाजी का माहौल बना दिया। इसे देखकर जिले के उन पुराने पतंग प्रेमियों को अपने दिन याद आ गए जब वे भी पतंगबाजी करके इसका लुफ्त उठाते थे। बिलासपुर से पतंगबाजी करने सुनील गिरी, नितिन कुशवाहा, सौमित्र बोस, वाहिद अली चिस्ती, आफ़ताब आलम, महबूब अली, जावेद इक़बाल, छोटू ख़ान पेंड्रा पहुंचे थे। जहां सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक पतंगबाजी किए। जिनकी पतंगबाजी का आनंद स्थानीय निवासियों ने उठाया।

#### पतंग उड़ाने की सदियों पुरानी परंपरा

मकर संक्रांति पर पतंग उड़ाने की सदियों पुरानी परंपरा रही है। संक्रांति पर पतंग उड़ाने के पीछे स्वास्थ्य संबंधी कारणों को भी बताया गया है। माना जाता है कि इस दिन सूर्य से मिलने वाली धूप सेहत के लिए लाभदायक होती है और कई विकारों को दूर करती है। कहा जाता है कि संक्रांति के दिन अगर आप पतंग नहीं उड़ा पाते तो भी आपको धूप जरूर सेंकनी चाहिए। क्योंकि सूरज की किरणें दवाई का काम करती है।



#### भगवान राम ने भाइयों संग उड़ाई थी पतंग

मान्यता है कि त्रेता युग में प्रभु श्रीराम अपने तीनों भाइयों और हनुमान के साथ मिलकर मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाई थी। तभी से इस त्योहार पर पतंग उड़ाने की परंपरा की शुरुआत मानी जाती है। श्रीराम ने जो पतंग उड़ाई थी वो उड़ते-उड़ते स्वर्ग पहुंच गई थी और स्वर्गलोक में इंद्र पुत्र जयंत की पत्नी को मिली थी। जयंत की पत्नी को यह पतंग पसंद आई और उन्होंने इसे अपने पास रख लिया। श्रीराम ने हनुमान को पतंग लेने स्वर्ग भेजा तब जयंत की पत्नी ने श्रीराम के दर्शन की इच्छा प्रकट की।



### बच्चों में पतंगबाजी को लेकर उत्साह बनाए गए तिल- गुड़ के लड्डू

**मुंगेली।** मकर संक्रांति पर नगर के बच्चों में पतंगबाजी को लेकर उत्साह बना रहा। बच्चों की भीड़ पतंग की दुकानों में रही। लोग एक-दूसरे को मकर संक्रांति की बधाई देते रहे। मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई। तिल के लड्डू का दान पुण्य होते रहा। मकर संक्रांति पर श्रद्धालुजन सुबह से स्नान के बाद दान की परंपरा का निर्वहन करते रहे। पूरे दिन मकर संक्रांति पर्व को लेकर उत्साह देखा गया।



### लीनेस क्लब ने बांटे कंबल- खिचड़ी तिल के लड्डू, पतंग व खिलौने

**गौरेला।** ग्राम ठाड़पथरा में लीनेस क्लब संस्कृति के सदस्यों द्वारा दान के पर्व मकर संक्रांति पर कंबल, खिचड़ी, तिल लड्डू, खिलौने, पतंग आदि का वितरण किया गया। लीनेस क्लब के सदस्यों को अपने बीच पाकर महिला व बच्चों की भीड़ इकट्ठी हो गई तथा उन्होंने अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। उनकी समस्याओं को सुनकर लीनेस क्लब द्वारा उन्हें सहायता व सहयोग करने का आश्वासन दिया गया ।

## स्वछता अभियान के तहत लक्ष्मी नारायण मंदिर में की सफाई

# मंदिरों को स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी: कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने मकरसंक्रांति पर आज बोदरी के वार्ड 9 में स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर की साफ-सफाई की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 दिसंबर को अयोध्या से आह्वान किया था कि स्वच्छ मोहल्ला, स्वच्छ ग्राम, आयोध्या धाम।

- पूर्व विस अध्यक्ष पहुंचे बोदरी स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में

प्रधानमंत्री ने स्वयं इस अभियान की शुरुआत पंचवटी से की थी। जहां भगवान राम अपने वनवास के दौरान सबसे लंबे समय तक रहे थे। उन्होंने कहा कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को की जाएगी। इसके तहत हिंदू समुदाय के लोगों से सेवा प्रदान करने और आज से शुरू होने वाले स्वच्छता अभियान में भाग लेने का अनुरोध किया था। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले देशभर के मंदिरों और तीर्थस्थलों में कार्यकर्ताओं वआम जनमानस द्वारा साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे मंदिर हमारी शक्ति है। हमारे भारत की संस्कृतिक धरोहर है। मंदिरों को स्वच्छ रखना हम सब की जिम्मेदारी है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, कृष्ण कुमार कौशिक, बृजभूषण वर्मा, दिनेश पांडेय, मंडल अध्यक्ष सोमेश तिवारी, पेगन वर्मा, रिंकू साहू, अशोक कौशिक, बलराम देवांगन, कैलाश सिंह, कोमल सिंह, कुशल पांडेय, विष्णु बिंदल, सतीश शर्मा, रमेश पांडेय, गणेश नोनिया, विनय सहित सभी मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व आमजनों शामिल हुए।



लक्ष्मी नारायण मंदिर में साफ-सफाई करते पूर्व विस अध्यक्ष धरमलाल कौशिक।

### अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण

**जरहागांव।** क्लब बरेला में संकुल बरेला, सेमरचुवा, कोना के प्राथमिक शाला कक्षा पहली व 2री पढ़ाने वाले शिक्षकों का अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में सभी प्राथमिक शाला से एक शिक्षक व सक्रिय माताओं को शामिल किया गया। जिसमें मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा भाषाई कौशल, गणितीय कौशल, एवं अन्य गतिविधियों के बारे में अवगत कराया गया। जिसे अपने विद्यालय स्तर पर अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के योजना को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया गया। सीएसी गौकरण डिंडोले के द्वारा अंगना म शिक्षा के महत्व को बताया गया। सीएसी खिरेंद्र साहू ने भी शिक्षकों व माताओं को समर्पित भाव से कार्य करने के लिए कहा। श्रीमती पिंकी शर्मा संकुल प्रभारी बरेला ने सभी शिक्षकों को गुणवत्ता स्तर सुधार करने की बात कही। सुभाषचन्द्र चतुर्वेदी संकुल प्रभारी सेमरचुवा ने शाला में ईमानदारी से कार्य करने, अपने दायित्व, कत्तर्व्य का निष्ठापूर्वक पालन करने जैसी बातों पर फोकस किया।

## यातायात सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




सड़क सुरक्षा जागरुकता का संदेश देते हुए।

**गौरेला।** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने प्रशासन गंभीर है। जिले में यातायात सड़क सुरक्षा जागरूकता लाने 15 फरवरी तक अभियान चलाने के निर्देश पर रक्षित केंद्र अमरपुर में सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि के समक्ष किया गया। इस दौरान यातायात सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

- माह भर आयोजित किए जाएंगे विभिन्न कार्यक्रम

पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे, राकेश जालान नगर पंचायत अध्यक्ष, इकबाल सिंह पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती मीरा अग्रवाल, एसडीओपी श्याम सिदार एवं रक्षित निरीक्षक भूपेंद्र कुर्रे, यातायात शाखा के कर्मचारी अधिकारी तथा नेहरू युवा केंद्र के शालिनी नामदेव व रासेयो के छात्रों की उपस्थिति में यातायात सड़क सुरक्षा के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

## मिनिगोल्फ़ राज्य चैंपिपनशिप में हंसनी एकल युगल में दुर्गेश-लोकेश्वर स्वर्ण विजेता



मैडल के साथ मिनिगोल्फ़ के विजेता खिलाड़ी।

**लोरमी।** मिनिगोल्फ़ एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा पांचवी राज्य स्तरीय मिनिगोल्फ़ चैंपिपनशिप का आयोजन 13 से 15 जनवरी तक रायपुर के देवरा यूनिवर्सिटी के खेल मैदान में किया गया। चैंपियनशिप में सब जूनियर, जूनियर व सीनियर पुरुष - महिला वर्ग के मैच आयोजित हुए। स्पर्धा में मुंगेली जिला मिनिगोल्फ़ संघ से खेलते हुए जूनियर खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एकल स्पर्धा मे संजीव कुमार साहू ने रजत, मनोज साहू ने कांस्य, युगल स्पर्धा में दुर्गेश कुमार व लोकेश्वर साहू ने स्वर्ण, एकल स्पर्धा में हँसनि कुर्रे ने स्वर्ण, एकल स्पर्धा में सोनी साहू ने रजत पदक हासिल किया। पदक प्राप्त सभी खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय मिनिगोल्फ़ चैंपियनशिप नागपुर के लिए हुआ है ।

- सभी खिलाड़ियों का राष्ट्रीय मिनिगोल्फ़ चैंपियनशिप नागपुर के लिए हुआ चयन

जिले के खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर जिला शिक्षा अधिकारी गेंदराम चतुर्वेदी, जिला सहायक क्रीड़ा अधिकारी विजय वर्मा, जिला खेल अधिकारी संजय पॉल, संघ के पदाधिकारी सदस्य प्रशिक्षक सुबोध कुमार सिंह, ओमप्रकाश, पुन्नीलाल जांगडे, युगल राजपूत, सद्दाम हुसैन, राम कुमार बघेल, पुनदास पाटले, इतवारी कुर्रे, टामेश, संयोगिता, दीपक कुमार व देवराज वंदे उपस्थित रहे।

## सिख समाज ने गतका प्रदर्शन कर निकाली शौर्य रैली जगह-जगह किया प्रदर्शन, किया लंगर का आयोजन



गतका का प्रदर्शन करते सिख समुदाय के लोग।

**लोरमी।** गुरु गोविंद सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में सिख समाज के द्वारा भव्य रैली व झांकी का आयोजन किया गया। कीर्तन के माध्यम से आतिशबाजी प्रदर्शन करते हुए सिख समाज के द्वारा रैली निकालकर डीजे के साथ जगह-जगह पर प्रदर्शन किया गया। जहां सिख समाज के लोग उपस्थित हुए वहीं झांकी व नगर कीर्तन के साथ जगह-जगह स्वागत किया गया। जिसमें सिख समाज के बच्चों के द्वारा अपने कला का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान गुरुद्वारा में लंगर का आयोजन किया गया।

गुरूद्वारा से शुरू होकर नगर भ्रमण करते हुए प्रभातफेरी का समापन किया गया। समाज के लोगों ने बताया कि 17 जनवरी को गुरू गोविंद सिंह की जयंती है। इससे पहले 14 जनवरी को नगर कीर्तन जुलूस निकाला गया। जिसमें सिख समाज के सभी प्रतिष्ठान बंद रहे।

कार्यक्रम के दौरान जतिंदर सिंह, शेलेन्द्र सलुजा, जतिन सलूजा, अनिल सलूजा, अमन सलूजा, मंजीत सिंह, देवेंद्र पाल सिंह गुलजीत सिंह उबेजा, प्रीतम सलूजा, राजू सलूजा, रसमीत कौर उबेजा, पूजा सलूजा, अंजित कौर उबेजा, पूनम सलूजा, सोनिया छाबड़ा, पूजा छाबड़ा, बेबी उबेजा, नीलम छाबड़ा, निक्की सलूजा, रेनू साहनी, सीखा साहनी, सुदेश सलूजा, सोनी सलूजा, बिंदिया सलूजा, पिंटू उपवेजा, आकाश सलुजा सहित बड़ी संख्या समाज के लोग शामिल हुए।

## आदिवासियों को उच्च शिखर तक पहुंचाने लगातार काम कर रहे हैं प्रधानमंत्री: मरपच्ची



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विधायक प्रणव मरपच्ची।

**गौरेला।** प्रधानमंत्री जनजाति न्याय महाभियान योजना के तहत आज गौरेला ब्लॉक के ग्राम पंचायत धनौली में मेगा इवेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बैगा जनजाति के साथ ही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची, कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया, वन मंडलाधिकारी शशि कुमार सहित गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने पीएम मोदी के भाषण का लाइव प्रसारण देखा। इस कार्यक्रम का आयोजन जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली में किया गया।

पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ के हितग्राहियों से सीधे संवाद करते हुए उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि, आजीविका, योजना की जानकारी तथा लिए गए लाभ के बारे में चर्चा की। उन्होंने योजना शुरू होने से दो माह के भीतर मिली महत्वपूर्ण उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत अति पिछड़ी जनजाति समुदाय के प्रत्येक परिवार को पक्का घर, बिजली, पानी, शौचालय सहित तमाम शहरी सुविधाएं मिलेगी यह मोदी की गारंटी है। विधायक प्रणव मरपच्ची ने कहा कि आदिवासियों को शिखर तक पहुंचाने पीएम लगातार काम कर रहे हैं। आज आदिवासी बेटी राष्ट्रपति के पद पर आसीन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ प्रगति पथ पर लगातार आगे बढ़ रहे हैं। श्री मरपच्ची ने कहा कि जिला प्रशासन आदिवासियों के हितों की चिंता करें और इस योजना का लाभ उन तक पहुंचाने में और जनप्रतिनिधियों के कार्यों में सहयोग करें।

## दलहा पहाड़ प्रांगण में हो रहे महायज्ञ में विधायक अटल हुए शामिल



**कोटा।** क्षेत्र के नवागांव स्थित दलहा पहाड़ के प्रांगण में पिछले 23 वर्षों से आयोजित हो रहे महायज्ञ में विधायक अटल श्रीवास्तव शामिल हुए। मकर संक्रांति पर लगने वाले मेले में शामिल हुए और यज्ञ में भाग लेकर पूजा रक आहुति दी। इस अवसर पर विधायक अटल ने कहा कि दलहा बाबा दलहा पहाड़ कोटा क्षेत्र के धार्मिक व सांस्कृतिक आस्था का केंद्र है। आसपास के 7 ग्राम पंचायत के लोग समिति बनाकर पिछले 20 से 25 वर्षों से यहां धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन करते हैं। मैं प्रयास करूंगा कि इसका महत्व बना रहे। इस अवसर पर ग्रामीणों ने सीसी रोड की मांग की। विधायक अटल श्रीवास्तव ने ग्रामीणों को आस्वस्त किया कि जल्द ही इन मांगों पर विचार कर इसे पूरा करने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष आदित्य दीक्षित, कुलवंत सिंह, धर्मेंद देवांगन, अरुण त्रिवेदी, बैकुंठ जायसवाल सहित आसपास गांव के कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी, पंच सरपंच एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## गोबरीपाट विद्यालय में विवेकानंद जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन



**बिलासपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोबरी पाट में विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डिप्टी कलेक्टर पीयूष तिवारी, अनुविभागीय अधिकारी कोटा शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने युवाओं में जोश भरा। पश्चिम की धरती पर सनातन संस्कृति का ध्वज गाड़ने वाले नरेंद्र नाथ दत्त को आज पूरी दुनिया स्वामी विवेकानंद के नाम से जानती है। धर्म, दर्शन, वेद, साहित्य, पुरान व उपनिषदों के ज्ञाता स्वामी विवेकानंद ने पश्चिमी देशों के बड़े-बड़े विद्वानों को बौना साबित कर भारत को विश्व गुरु के रूप में पुनर्स्थापित किया। उन्होंने कहा कि आज हम विकसित भारत की ओर आगे बढ़ रहे है। भारत को विकसित भारत बनाने में हमारे युवाओं का सबसे बड़ा योगदान होगा। हमारे युवाओं को किस तरह सफलता का पथ निर्माण करना चाहिए, इसके लिए भी उन्होंने मार्गदर्शन दिया। साथी कई उदाहरण प्रस्तुत किए। इसके पश्चात मेरी माटी - मेरा देश कार्यक्रम के तहत संस्था में निर्माण अमृत- वाटिका का उद्घाटन कर एनएसएस के पूर्व वॉलिंटियर्स को रासेयो का A सर्टिफिकेट का वितरण किया। कार्यक्रम में सरपंच महेशिया मरकाम, फेकूलाल साहू, ईश्वर श्याम संस्था, प्राचार्य श्रीमती रजनी सिंह, व्याख्याता उपेंद्र सिंह ठाकुर, प्रमिला मिरी, तृप्ता प्रेम, अमित साहू व संकुल के शिक्षक शिक्षिका इंदु, गीतू, महिमलता बालेश्वर एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

BHARTI VISHWAVIDYALAYA
Established under C.G. Private University (Establishment and Operation) Act, 2005
recognized u/s 2(f) UGC Act 1956
Email : registrar@bhartiuniversity.org , bhartiuniversity.in@gmail.com

Applications are invited for the position of
VICE-CHANCELLOR
A distinguished academician, with experience as a professor in a reputed organization and proof of demonstrated academic leadership.

Professor, Associate Professor, Asst. Professor
Applications are invited for the following departments:- Pharmacy, ME, CSE, CE, EE, ET&T, Commerce, Mgnt, Hotel Mgt, Education, Chemistry, Physics, Botany, Sanskrit, Zoology, Forensic Science, Sociology, Microbiology, Law, Maths, Biotech, History, Economics, Geography, Hindi, English, Psychology, Political Sc, Computer Science & IT, Library, Journalism & Mass Comm. and Non Teaching Staff on Regular and Adhoc Basis.
Interested candidates may send their resume with all testimonials within 10 days to bhartiuniversity.in@gmail.com
Eligibility & pay scale : As per UGC/ Statutory norms.
Registrar
Website : www.bhartiuniversity.org